प्रयागराज, कानपुर, रायबरेली, कौशाम्बी, इटावा, फिरोजाबाद, कानपुर देहात, बांदा, औरैया, उन्नाव, वाराणसी, मिर्जापुर, हमीरपुर, जालौन एवं महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश मे प्रसारित

फतेहपुर संस्करण | फतेहपुर/लखनऊ से प्रकाशित | R.N.I : UPHIN/ 2011/44792

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक | केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

# न्यूज़ वाणी

www.newswani.in



योगी ने विदेशी निवेशकों के लिए खोला उत्तर प्रदेश का द्वार पेज- 2

सपा जिलाध्यक्ष ने केक शांप का किया उदघाटन पेज-6

वर्ष : 15 अंक : 71 | रविवार 01 मार्च, 2026 | डाक पंजीयन संख्याः एफटीपी/एल/समाचार पत्र/2025–27/106 | पृष्ठ 06 मूल्य 1.00 रूपया

## कोलकाता में पिंक बूथ और मोबाइल गश्ती दल के जरिए मजबूत होगी महिला सुरक्षा : ममता बनर्जी

(एजेंसी) कोलकाता पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कोलकाता पुलिस द्वारा



महिलाओं की सुरक्षा और आत्मविश्वास को मजबूत करने के मकसद से शुरू की गई दो नयी पहलों की शनिवार को घोषणा की। बनर्जी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि शहर के प्रमुख चौराहों पर पूरी तरह से महिलाओं द्वारा संचालित कई पिंक बूथ स्थापित किए जाएंगे और ये शाम से लेकर आधी रात तक खुले रहेंगे। उन्होंने कहा, शहर में रहने वाली मेरी बहनें किसी भी प्रकार की सहायता के लिए इन बूथ में सीधे केपी (कोलकाता पुलिस) की महिला अधिकारियों से संपर्क कर सकेंगी। मुख्यमंत्री ने शाइनिंग नाम से गठित महिला मोबाइल पेट्रोलिंग टीम की तैनाती की भी घोषणा की। बनर्जी ने लिखा, कई शाइनिंग (जैसा कि मैंने उन्हें नाम दिया है) पूरी तरह से महिला मोबाइल गश्ती दल भी रात आठ बजे से रात दो बजे तक ड्यूटी पर रहेंगे, जो ईएम बाईपास और शहर की ऐसी अन्य प्रमुख सड़कों पर गश्त करेंगी, जिनका उपयोग मेरी कामकाजी बहनें रात के समय करती हैं। मुख्यमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि श्कोलकाता वर्षों से देश का सबसे सुरक्षित शहर बना हुआ है और विश्वास व्यक्त किया कि ये दो नयी पहलें महानगर में महिलाओं की सुरक्षा को मजबूत करने में बहुत मददगार साबित होंगी।

## पीएम मोदी ने अजमेर में 16,686 करोड़ की विभिन्न विकास परियोजनाओं की दी सौगात

(एजेंसी) अजमेर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को राजस्थान के अजमेर से केंद्र एवं राज्य सरकार की लगभग 16,686 करोड़ रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं की सौगात दी और नौ से 14 साल तक की बालिकाओं को एचपीवी टीके की खुराक देकर एचपीवी टीकाकरण अभियान की शुरुआत की। पीएम मोदी ने कार्यक्रम में शहरी विकास, पेयजल आपूर्ति, सड़क, रेलवे, सिंचाई, ऊर्जा और औद्योगिक बुनियादी ढांचे समेत विभिन्न क्षेत्रों में करीब 16,686 करोड़ रुपये की लागत की 43 प्रमुख परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। इन परियोजनाओं में लगभग 8,554 करोड़ रुपये की 34 परियोजनाएं राज्य सरकार के विभिन्न विभागों से संबंधित हैं। इन विभागों में शहरी विकास, जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी, सार्वजनिक निर्माण, ऊर्जा, जल संसाधन एवं उद्योग आदि शामिल हैं। इसके अलावा



राष्ट्रीय राजमार्ग और ऊर्जा से जुड़ीं करीब 8,132 करोड़ रुपये की नौ प्रमुख परियोजनाओं का भी लोकार्पण और शिलान्यास किया जाएगा। इन परियोजनाओं में दो का शिलान्यास और सात का लोकार्पण किया गया। प्रधानमंत्री ने 4,516 करोड़ रुपये से अधिक की राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। इन परियोजनाओं में लगभग 1,207 करोड़ रुपये की लागत से बांदीकुई से जयपुर तक चार लेन का ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे, दिल्ली–वडोदरा एक्सेस कंट्रोल्ड ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे के पैकेज 14 सेक्शन में एनएच 76 जंक्शन से एनएच 12 पर उम्मेदपुरा गांव तक आठ लेन कैरिजवे और प्रदेशभर में राष्ट्रीय राजमार्ग के विस्तार, सुदृढ़ीकरण और चौड़ीकरण के कार्य शामिल हैं। इसी तरह जयपुर में 286 करोड़ रुपये से अधिक की लागत के सांगानेर फ्लाईओवर से चौरड़िया पेट्रोल पम्प होते हुए मालपुरा गेट तक एलीवेटेड रोड, जोधपुर शहर में महामंदिर से अखल्या चौराहे तक एक हजार 243 करोड़ रुपये की लागत से चार लेन एलीवेटेड रोड एवं बारां जिले में 322 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत के मालबमोरी–मांगरोल–बारां राज्य राजमार्ग का शिलान्यास भी किया गया। स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल के अपने संकल्प की दिशा में एक ओर कदम बढ़ाते हुए प्रधानमंत्री नोनेरा वृहद् पेयजल परियोजना के 1021 करोड़ रुपये से अधिक लागत के चार पैकेज और परवन अकावद वृहद् पेयजल परियोजना के 2,247 करोड़ रुपये की लागत के पांच पैकेजों की आधारशिला रखेंगे। प्रधानमंत्री राजस्थान में नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन के प्रमुख केंद्रों से बिजली के सुगम पारेषण के लिए 3,616 करोड़ रुपये की पारेषण प्रणाली का लोकार्पण किया। साथ ही, 220 केवी के पांच और 400 केवी के दो ग्रिड सब–स्टेशन (जीएसएस) का शिलान्यास भी किया। राजस्थान के पश्चिमी हिस्से में औद्योगिक विकास, निवेश और रोजगार सृजन को बढ़ावा देने के लिए जोधपुर पाली मारवाड़ औद्योगिक क्षेत्र (जेपीएमआईए) में आधारभूत संरचना और पेयजल आपूर्ति से संबंधित विभिन्न कार्यों का शिलान्यास भी किया गया।

## चुनावी मैदान में ताल ठोक रहे विजय को घर से मिली बड़ी चुनौती, शादी के 28 साल बाद पत्नी ने दायर की तलाक अर्जी

(एजेंसी) चेन्नई। तमिलनाडु की राजनीति और सिनेमा जगत में सक्रिय अभिनेता–राजनेता जोसेफ विजय चंद्रशेखर (विजय) की निजी जिंदगी में बड़ा घटनाक्रम सामने आया है। उनकी पत्नी संगीता विजय ने पारिवारिक अदालत में विवाह विच्छेद की याचिका दायर की है। इस कदम ने न सिर्फ फिल्मी गलियारों बल्कि राजनीतिक हलकों में भी चर्चा तेज कर दी है। तमिलगा वेत्रि कझगम (टीवीके) के संस्थापक विजय इन दिनों सक्रिय राजनीति में कदम बढ़ा रहे हैं। ऐसे समय में उनकी निजी जिंदगी से जुड़ी यह कानूनी कार्यवाही सार्वजनिक जीवन पर भी असर डाल सकती है। संगीता विजय ने विशेष विवाह अधिनियम, 1954 के तहत तलाक की याचिका दाखिल की है। उन्होंने अदालत को बताया कि उनका विवाह अब "अपूरणीय रूप से टूट चुका है" और साथ रहना संभव नहीं रह गया है। याचिका में कहा गया है कि लंबे समय से संबंधों में तनाव बना हुआ था और वैवाहिक जीवन में सामंजस्य समाप्त हो चुका है। संगीता ने अदालत से विवाह विच्छेद का आदेश देने की मांग की है। सूत्रों के अनुसार, यह याचिका 10 अप्रैल को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध होने की संभावना है। अदालत में प्रारंभिक सुनवाई के दौरान आगे की प्रक्रिया तय की जाएगी। याचिका में संगीता विजय ने अपने पति पर एक अभिनेत्री के साथ विवाहेतर संबंध होने का गंभीर आरोप लगाया है। हालांकि, संबंधित अभिनेत्री का नाम सार्वजनिक रूप से उजागर नहीं किया गया है। संगीता ने आरोप लगाया है कि वर्ष 2021 से विजय ने उनसे भावनात्मक दूरी बना ली थी। उन्होंने दावा किया कि उन्हें लगातार मानसिक क्रूरता, उपेक्षा और परित्याग का सामना करना पड़ा। याचिका में कहा गया है कि वह वैवाहिक घर में रहते हुए भी अलग–थलग जीवन जीने को मजबूर थीं। संगीता के अनुसार, परिस्थितियां इस हद तक बिगड़ गई थीं कि विवाह को बचाने की कोई संभावना नहीं बची। इस मामले को लेकर संगीता विजय ने अदालत से विशेष अनुरोध किया है कि सुनवाई 'इन–कैमरा' यानी बंद कमरे में की जाए। उन्होंने अंतरिम आदेश की मांग करते हुए कहा है कि इंटरनेट मीडिया, यूट्यूब चौनलों और प्रिंट व डिजिटल मीडिया को इस मामले पर चर्चा या सामग्री प्रकाशित करने से रोका जाए। संगीता का तर्क है कि यदि इस मामले की खुली चर्चा होती है, तो उन्हें और उनके परिवार को गंभीर मानसिक पीड़ा और सार्वजनिक अपमान का सामना करना पड़ सकता है। कानूनी विशेषज्ञों का कहना है कि पारिवारिक मामलों में, खासकर जब प्रतिष्ठित व्यक्तियों का मामला हो, अदालतें अक्सर गोपनीयता बनाए रखने के लिए इन–कैमरा



सुनवाई की अनुमति देती हैं। याचिका में विवाह की पृष्ठभूमि का भी उल्लेख किया गया है। संगीता और विजय का विवाह 10 जुलाई 1998 को यूनाइटेड किंगडम में पंजीकृत हुआ था। इसके बाद 25 अगस्त 1999 को चेन्नई में पारंपरिक हिंदू रीति–रिवाजों से विवाह समारोह संपन्न हुआ। करीब ढाई दशक पुराने इस रिश्ते के टूटने की खबर ने प्रशंसकों को चौंका दिया है। दोनों लंबे समय से सार्वजनिक रूप से एक साथ नजर आते रहे हैं और पारिवारिक आयोजनों में भी उनकी उपस्थिति चर्चा में रहती थी। विजय हाल के वर्षों में फिल्मों के साथ–साथ राजनीति में भी सक्रिय हुए हैं। उन्होंने तमिलगा वेत्रि कझगम (टीवीके) नामक राजनीतिक दल की स्थापना की है और आगामी चुनावी रणनीतियों को लेकर सुर्खियों में रहे हैं। ऐसे समय में तलाक की याचिका दायर होने से राजनीतिक विरोधियों को मुद्दा मिल सकता है। हालांकि, विजय की ओर से अभी तक इस मामले पर कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। फिल्मी जगत में भी इस खबर को लेकर चर्चाएं तेज हैं, लेकिन संबंधित अभिनेत्री का नाम सामने न आने से अटकलों का दौर जारी है। अब यह मामला पारिवारिक अदालत में विचाराधीन है। प्रारंभिक सुनवाई के बाद अदालत यह तय करेगी कि क्या सुलह की संभावना है या सीधे मुकदमे की प्रक्रिया आगे बढ़ेगी। यदि दोनों पक्ष सहमति से अलग होने का फैसला करते हैं, तो प्रक्रिया अपेक्षाकृत जल्दी पूरी हो सकती है। अन्यथा आरोप–प्रत्यारोप और साक्ष्यों की जांच के साथ मामला लंबा चल सकता है। गोपनीयता के अनुरोध पर अदालत का रुख भी अहम रहेगा। यदि मीडिया कवरेज पर आंशिक या पूर्ण रोक लगती है, तो मामले की जानकारी सीमित रूप से ही सार्वजनिक हो पाएगी। विजय या उनकी टीम की ओर से अब तक कोई औपचारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है। राजनीतिक दल टीवीके की ओर से भी इस विषय पर कोई बयान जारी नहीं किया गया है। सार्वजनिक जीवन में सक्रिय हस्तियों के निजी विवाद अक्सर चर्चा का विषय बन जाते हैं, लेकिन अदालत की प्रक्रिया शुरू होने के बाद कानूनी सीमाएं भी लागू हो जाती हैं। आने वाली सुनवाई में यह स्पष्ट होगा कि अदालत इस मामले को किस दिशा में आगे बढ़ाती है और क्या दोनों पक्षों के बीच किसी प्रकार की सुलह की संभावना बनती है या विवाह विच्छेद की प्रक्रिया औपचारिक रूप से आगे बढ़ेगी। फिलहाल, तमिलनाडु की राजनीति और सिनेमा जगत की इस प्रमुख जोड़ी का भविष्य अदालत के फैसले पर निर्भर करता दिख रहा है।

## इजरायल और ईरान जंग के बीच एक्टिव हुआ भारतीय विदेश मंत्रालय, नागरिकों के लिए जारी की एडवाइजरी

(एजेंसी) नई दिल्ली। इजरायल और ईरान के बीच भयानक जंग शुरू हो गई है। तेहरान में इस समय तबाही का मंजर नजर आ रहा है। ऐसे में ईरान के राष्ट्रपति भवन, खुफिया एजेंसी और एयरपोर्ट सहित 30 ठिकानों पर ताबड़तोड़ हमला किया है। ईरान के राष्ट्रपति अयातुल्ला अली खामनेई को सुरक्षित ठिकाने पर भेज दिया गया है। ऐसे में भारतीय दूतावास ने दोनों देशों में अपने नागरिकों के लिए एडवाइजरी जारी की है। क्षेत्र में मौजूदा सुरक्षा स्थिति को देखते हुए, इजराइल में रहने वाले सभी भारतीय नागरिकों को अत्यधिक सावधानी बरतने और हर समय सतर्क रहने की सलाह दी जाती है। भारतीय नागरिकों को इजराइली अधिकारियों और गृह मोर्चा कमान द्वारा जारी सुरक्षा दिशानिर्देशों और निर्देशों का सख्ती से पालन करने की सलाह दी जाती है। अद्यतन निर्देश https://oref-org-il/eng पर देखे जा सकते हैं। सभी भारतीय नागरिकों को निर्धारित आश्रय स्थलों के आस–पास रहना चाहिए और अपने निवास या कार्यस्थल के निकटतम सुरक्षित स्थानों से परिचित होना चाहिए। भारतीय नागरिकों को अगली सूचना तक इजराइल के भीतर सभी गैर–जरूरी और अनावश्यक यात्रा से बचने की सलाह दी जाती है। नागरिकों को स्थानीय समाचार, आधिकारिक घोषणाओं और आपातकालीन अलर्ट पर नियमित रूप से नजर रखने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। किसी भी आपात स्थिति में,



भारतीय नागरिक तेल अवीव स्थित भारतीय दूतावास से 24•7 हेल्पलाइन के माध्यम से संपर्क कर सकते हैं, टेलीफोन. 972–54 –7520711 ई–मेलरू बवदे1-telaviv@mea-gov-innwrkokl संबंधित अधिकारियों के साथ घनिष्ठ रूप से संपर्क में है और आवश्यकतानुसार अद्यतन जानकारी जारी करता रहेगा।

## तूफान आने वाला है,बरनाला रैली में भारत–अमेरिका डील पर राहुल गांधी का वार

(एजेंसी) बरनाला। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने शनिवार को बरनाला में आयोजित 'मनरेगा बचाओ संग्राम रैली' के मंच से पंजाब





कांग्रेस नेताओं को गुटबाजी खत्म करने का कड़ा संदेश दिया। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि पार्टी में काम टीमवर्क से होता है, कोई एक खिलाड़ी मैच नहीं जीतता। राहुल गांधी ने कहा, मैं कांग्रेस नेताओं को संदेश देना चाहता हूं, टीम बनकर काम करो, नहीं तो हम आपको घर बैठा देंगे। यह मेरा और खड़गे जी का संदेश है। कार्यकर्ताओं का सम्मान करो, वही हमारी असली ताकत हैं।" राहुल के इस बयान के दौरान मंच पर मौजूद वरिष्ठ नेता सांसद और विधायक उनकी ओर देखते नजर आए। करीब 30 मिनट के भाषण में राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए मनरेगा योजना और भारत–अमेरिका व्यापार समझौते को लेकर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि यदि अमेरिका से बड़े पैमाने पर कृषि आयात भारत में आते हैं तो किसानों और छोटे उद्योगों पर "तूफान" आ जाएगा। उन्होंने कहा, "सोयाबीन, कपास, दालें, फल जब ये सब आएंगे तो तूफान आएगा। 2–5 एकड़ जमीन वाले छोटे किसान अमेरिकी एग्रीबिजनेस से मुकाबला नहीं कर पाएंगे।" राहुल ने दावा किया कि भारत ने अमेरिकी सामान सालाना 9 लाख करोड़ रुपये तक खरीदने का वादा किया है, जिससे डैडम् और किसानों पर असर पड़ेगा। रैली की शुरुआत "सत श्री अकाल" से करते हुए राहुल ने कहा कि पंजाब के किसान और मजदूर देश की रीढ़ हैं। उन्होंने पूर्व सेना प्रमुख जनरल एमएम नरवणे की किताब का हवाला देते हुए चीन सीमा मुद्दे पर भी केंद्र सरकार को घेरा। मंच पर उनके साथ कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और केसी वेणुगोपाल मौजूद थे। पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग, विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष प्रताप सिंह बाजवा और पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी ने भी सभा को संबोधित किया। मल्लिकार्जुन खड़गे ने भी मजदूरों, किसानों और व्यापारियों के मुद्दे उठाए। उन्होंने राज्य और केंद्र सरकार पर नशे की समस्या रोकने में विफल रहने का आरोप लगाया।

## गेल महाराष्ट्र में पवन ऊर्जा परियोजना पर 1,736 करोड़ रुपए निवेश करेगी

(एजेंसी) नई दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र की गैस कंपनी गेल (इंडिया) लिमिटेड महाराष्ट्र में एक पवन ऊर्जा परियोजना स्थापित करने के लिए 1,736.25 करोड़ रुपए का निवेश करेगी। कंपनी ने वर्ष 2035 तक शुद्ध शून्य कार्बन उत्सर्जन का लक्ष्य रखा है और यह निवेश उसके नवीकरणीय ऊर्जा पोर्टफोलियो के विस्तार की दिशा में एक कदम है। गेल ने शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि शुक्रवार को हुई निदेशक मंडल की बैठक में 178.2 मेगावाट क्षमता की पवन ऊर्जा परियोजना स्थापित करने के निवेश प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। अनुबंध मिलने के 24 महीनों के भीतर पूरी होने वाली यह परियोजना कंपनी के मौजूदा 117.95 मेगावाट के पोर्टफोलियो में इजाफा करेगी। इसके अलावा, कंपनी के पास राजस्थान, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश में फैली 27 मेगावाट की सौर ऊर्जा परियोजनाएं भी हैं।

## कच्चे तेल की कीमतों में उछाल, 2 मार्च को बाजार में आएगी गिरावट

(एजेंसी) मुंबई। मध्यपूर्व में तनाव एक बार फिर चरम पर पहुंच गया है। ईरान द्वारा इजरायल पर सैन्य कार्रवाई किए जाने के बाद हालात तेजी से



बिगड़े हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक ईरान ने जवाबी कार्रवाई करते हुए इजरायल पर मिसाइल हमले किए हैं। इस घटनाक्रम ने वैश्विक बाजारों में अनिश्चितता बढ़ा दी है और निवेशकों की चिंता गहरा दी है। विशेषज्ञों का मानना है कि 2 मार्च को दुनिया के प्रमुख शेयर बाजारों,अमेरिका, भारत और एशियाई बाजारों में तेज गिरावट देखने को मिल सकती है। वेल्थमिल सिक्योरिटीज के इक्विटी स्ट्रेटेजिस्ट क्रांति बाथिनी के अनुसार, जब भी भू–राजनीतिक तनाव बढ़ता है तो बाजार में जोखिम से बचने की प्रवृत्ति तेज हो जाती है, जिससे बिकवाली का दबाव बढ़ता है। फिलहाल निवेशकों की नजर इस बात पर टिकी है कि यह सीमित सैन्य टकराव है या लंबा खिंचने वाला युद्ध। इस तनाव का सबसे तात्कालिक असर कच्चे तेल की कीमतों पर पड़ा है। ब्रेंट क्रूड में करीब 3 प्रतिशत की तेजी दर्ज की गई है और कीमत लगभग 67 डॉलर प्रति बैरल के आसपास पहुंच गई है। विश्लेषकों का कहना है कि यदि कच्चा तेल 80 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर जाता है तो भारतीय अर्थव्यवस्था पर इसका गंभीर असर पड़ सकता है, क्योंकि भारत अपनी जरूरत का बड़ा हिस्सा आयात करता है। तेल की कीमतों में उछाल से चालू खाता घाटा बढ़ सकता है और सरकार की वित्तीय स्थिति पर दबाव आ सकता है। एनरिच मनी के सीईओ पोनुमुदी आर का कहना है कि भारत जैसे बड़े क्रूड आयातक देश के लिए मध्यपूर्व में बढ़ता तनाव चिंताजनक है। फरवरी में पहले ही भारतीय शेयर बाजारों में कमजोरी देखी जा चुकी है, ऐसे में नया भू–राजनीतिक झटका बाजार की धारणा को और कमजोर कर सकता है। कच्चे तेल में तेजी का सीधा असर महंगाई पर पड़ता है। ईंधन महंगा होने से परिवहन लागत बढ़ती है, जिससे रोजमर्रा की वस्तुओं के दाम ऊपर जाते हैं। ऑयल मार्केटिंग कंपनियों, पेंट निर्माताओं और एविएशन कंपनियों पर लागत का दबाव बढ़ सकता है। विमानन क्षेत्र में एविएशन टरबाइन फ्यूल महंगा होने से हवाई किराए बढ़ने की आशंका है। इसके अलावा, यदि एयरलाइंस मध्यपूर्व के हवाई मार्गों से बचती हैं तो उड़ानों की दूरी और लागत दोनों बढ़ सकती हैं, जिसका बोझ यात्रियों पर पड़ेगा। विशेषज्ञ निवेशकों को सतर्क रहने की सलाह दे रहे हैं। उनका कहना है कि बाजार में उतार–चढ़ाव बढ़ सकता है, इसलिए बड़ी पोजीशन लेने से पहले जोखिम का आकलन जरूरी है। आने वाले दिनों में हालात किस दिशा में जाते हैं, इसी पर बाजार की अगली चाल निर्भर करेगी। फिलहाल दोनों देशों का रुख आक्रामक नजर आ रहा है, जिससे अनिश्चितता बनी हुई है।

# सम्पादकीय

## उमर अब्दुल्ला मणिशंकर अय्यर से सहमत नहीं

अपनी विवादित बयानबाजी के चलते लगातार कांग्रेस के लिए परेशानी का सबब बनते जा रहे पार्टी के वरिष्ठ नेता मणि शंकर अय्यर जब एक बार फिर राहुल गांधी पर अप्रत्यक्ष निशाना साधते हुए इंडिया गठबंधन का नेतृत्व पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को सौंपने की वकालत की तो यह माना जा रहा था कि मणि शंकर अय्यर की यह बात दूर तक


नफीस जाफरी

जाएगी। लेकिन मैं नफीस जाफरी आपको यह बता दूं कि इंडिया गठबंधन के एक प्रमुख सहयोगी नेशनल कांफ्रेस के नेता और जम्मू और कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने न सिर्फ मणि शंकर अय्यर के नेतृत्व संबंधी बयान को सिरे से खारिज कर दिया, बल्कि जम्मू और कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने जिस तरह से राहुल गांधी की तारीफ की वह जरूर मणि शंकर अय्यर को चुभ रही होगी, गौरतलब है कि जम्मू और कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने इंडिया ब्लॉक में नेतृत्व परिवर्तन की चर्चाओं के बीच राहुल गांधी की जमकर प्रशंसा कर दी है। उमर अब्दुल्ला ने कहा कि राहुल गांधी ही सरकार को जवाबदेह ठहराते हैं और लगातार सत्ताधारी भाजपा का सामना करते हैं, जबकि यह विपक्ष का काम है। जम्मू और कश्मीर के मुख्यमंत्री ने कांग्रेस के मणि शंकर अय्यर के उस सुझाव को खारिज कर दिया, जिसमें उन्होंने कहा था कि राहुल गांधी की जगह पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को इंडिया ब्लॉक का नेतृत्व करना चाहिए। उमर अब्दुल्ला ने कहा कि इंडिया ब्लॉक के भीतर नेतृत्व परिवर्तन को लेकर ऐसी कोई चर्चा नहीं हुई है। हालांकि, पहले उमर अब्दुल्ला इंडिया ब्लॉक के कामकाज और कांग्रेस द्वारा उठाए गए मुद्दों (जिनमें वोट चोरी और धांधली वाली ईवीएम शामिल हैं) की आलोचना करते रहे है। कुछ महीने पहले, जम्मू–कश्मीर के मुख्यमंत्री ने कहा था कि इंडिया ब्लॉक जीवन रक्षक यंत्रों पर है। लेकिन अब उमर अब्दुल्ला ने राहुल गांधी का पुरजोर समर्थन किया और विपक्ष के नेता के रूप में उनके प्रदर्शन की प्रशंसा करते हुए इंडिया ब्लॉक में नेतृत्व परिवर्तन की मांग के पीछे के तर्क पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा, "भाजपा के खिलाफ लड़ाई में राहुल गांधी कहां चूक गए? वही तो लगातार भाजपा को निशाना बनाते रहे हैं। वे हमेशा भाजपा का विरोध करते हैं और सरकार से हर बात पर सवाल उठाते हैं। यही विपक्ष का काम है। राहुल गांधी से और क्या उम्मीद की जा सकती है?" उमर अब्दुल्ला ने कहा कि भले ही कांग्रेस कुछ चुनाव न जीत पाई हो, लेकिन इंडिया ब्लॉक का काम सरकार का मुकाबला करना और भाजपा का विरोध करना है। राहुल गांधी कहां चूक गए? उन्होंने कहा कि मणि शंकर अय्यर को अपनी राय रखने का अधिकार है, लेकिन नेतृत्व से संबंधित निर्णय केवल इंडिया ब्लॉक ही ले सकता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि नेतृत्व का मुद्दा गठबंधन की बैठकों के एजेंडे में कभी नहीं था। उमर उमर ने कहा, "अभी तक इंडिया ब्लॉक की ऐसी कोई बैठक नहीं हुई है। मुझे नहीं पता कि इस प्रस्ताव पर कहां चर्चा हो रही है। मणि शंकर अय्यर ने अपनी निजी राय दी है, लेकिन नेतृत्व से संबंधित निर्णय केवल इंडिया ब्लॉक ही ले सकता है, इंडिया ब्लॉक की किसी भी बैठक में इस मुद्दे पर चर्चा नहीं हुई है।"

## यूरोपीय देशों की मुश्किल

यूरोपीय देशों की मुश्किल यह है कि अमेरिका का साया उन पर नहीं रहा, रूस से उनकी दुश्मनी है, और चीन को वे अपने आर्थिक हितों के लिए खतरा मानते हैं। जबकि आज की दुनिया में यही सबसे बड़ी ताकतें हैं। पिछले महीने दावोस में हुए वर्ल्ड इकॉनमिक फोरम के बाद अब जर्मनी में हुए म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन में दुनिया में आए आमूल परिवर्तन से पैदा हुई चुनौतियां की गूंज सुनने को मिली। दावोस में कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी जो कहा, उसे म्यूनिख में जर्मन चांसलर फ्रीडरिक मर्त्ज और अन्य यूरोपीय नेताओं ने दोहराया। स्वाभाविक रूप से यूरोपीय नेता इस परिवर्तन से अधिक परेशान हैं, क्योंकि नई परिस्थितियों में अमेरिका उनकी सुरक्षा की जिम्मेदारी से मुकरता नजर आया है। उलटे डॉनल्ड ट्रंप प्रशासन ने रूस से तार जोड़ लिए हैं, जिसे यूरोपीय सरकारें अपने लिए सबसे बड़ा खतरा मानती हैं। जर्मन चांसलर ने म्यूनिख में अपने यूरोपीय सहयोगियों को कड़ा संदेश देते हुए कहा कि शनियम आधारित्य पुरानी विश्व व्यवस्था अब मौजूद नहीं है। उसकी जगह महाशक्तियों की होड़ ने ले ली है। मर्त्ज ने इसे यूरोप के लिए खतरे की घंटी बताया। कहा कि हम अब एक ऐसे युग में प्रवेश कर चुके हैं, जो खुले तौर पर ताकत और सत्ता की राजनीति से परिभाषित होता है– जहां हर नियम–कायदे पर राष्ट्रीय हितों को तरजीह दी जा रही है। वैश्विक शक्ति संतुलन में अमेरिका की स्थिति पर भी उन्होंने स्पष्ट राय रखी। चेतावनी दी कि वैश्विक नेतृत्व पर अमेरिका का दावा अब चुनौती के घेरे में है– शायद यह खो भी चुका है। नतीजतन, दुनिया अब अनिश्चितता के दौर में है। यूरोपीय देशों की मुश्किल यह है कि अमेरिका का साया उन पर नहीं रहा, रूस से उनकी दुश्मनी है, और चीन को वे अपने आर्थिक हितों के लिए खतरा मानते हैं। जबकि आज की दुनिया में यही सबसे बड़ी ताकतें हैं। म्यूनिख में चीन की कई नेताओं ने यह कहते हुए कड़ी आलोचना की कि दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था सुनियोजित रूप से दूसरे देशों की निर्भरता का फायदा उठाती है। चीन अपने उद्देश्यों को पूरा करने के लिए अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था की नई व्याख्या कर रहा है और नियमों को अपने हिसाब से तोड़–मरोड़ रहा है। मगर करें क्या? इस सवाल पर कोई साफ समझ सामने नहीं आई। इस रूप में म्यूनिख दावोस का एक और संस्करण बनकर रह गया।

## तेज रफ्तार ट्रक ने चचेरे भाईयों को रौंदा, मौत

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। राधानगर थाना क्षेत्र के मदनपुर के समीप हाइर्वे में सड़क पार कर रहे चचेरे भाईयों को तेज रतार ट्रक रौंदता हुआ निकल गया। जिससे मौके में पर ही मौके पर ही दोनो की मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार थाने के मदनपुर गांव निवासी गोपी किशन का 8 वर्षीय पुत्र किशन अपने चचेरे भाई विमल पुत्र पिंकू 13 वर्ष के साथ शनिवार को लगभग 4 बजे बाग से बेर तोडकर वापस घर आ रहे थे। जब दोनो भाई सडक पार करने लगे तभी तेज रतार आ रहे ट्रक ने दोनो भईयों को रौंद दिया। जिससे उनकी घटना स्थल पर ही मौत हो गयी। हादसे के बाद मौके पर सैकडो लोगो की भीड़ जमा हो गयी। वहीं सूचना पर समाज सेवी अशोक तपस्वी मौके में पहुंच जिला चिकित्सालय पहुंच शवों को मोर्चरी हाउस में रखवा दिया। घटना के बाद मृतको के परिजनों में कोहराम मच गया।

# योगी ने विदेशी निवेशकों के लिए खोला उत्तर प्रदेश का द्वार


गुलफिशा खान

भारत की विदेश नीति बीते दिनों काफी चर्चा में इसलिए रही क्योंकि एक तरफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और दूसरी ओर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी दोनों ही विदेश दौरे पर थे। जहां तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सवाल है तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इजरायल के दो दिवसीय दौरे पर थे। वहीं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सिंगापुर और जापान का दौरा कर रहे थे। दोनों नेताओं की यात्राएं अपने–अपने स्तर पर राजनीतिक, रणनीतिक, आर्थिक और कूटनीतिक नजरिए से बेहद अहम मानी जा रही हैं। एक तरफ भारत–इजरायल की सुरक्षा और रक्षा साझेदारी को नई मजबूती देने की कोशिश है, तो दूसरी ओर उत्तर प्रदेश को वैश्विक निवेश का केंद्र बनाने के प्रयास की दिशा में कदम बढ़ाए जा रहे हैं। उत्तर प्रदेश में दुनिया के बड़े निवेशकों को आमंत्रित करने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सिंगापुर के बाद जापान की राजधानी टोक्यो पहुंचे थे। यहां आयोजित 'यूपी इन्वेस्टमेंट रोड शो' के दौरान मुख्यमंत्री ने वहां के उद्योगपतियों और निवेशकों को उत्तर प्रदेश में निवेश करने का आमंत्रण दिया। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश आज सुरक्षित माहौल, मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर, बड़ी बाजार क्षमता और युवा कार्यबल के कारण निवेश के लिए भारत का सबसे बेहतर राज्य बनकर उभरा है। मुख्यमंत्री ने जापानी उद्योगपतियों से उत्तर प्रदेश आने, निवेश करने और प्रदेश के आध्यात्मिक स्थलों का अनुभव लेने का आग्रह किया। उन्होंने विश्वास जताया कि यूपी में निवेश के माध्यम से भारत–जापान औद्योगिक सहयोग भविष्य में ज्यादा मजबूत होगा। जापान को 'लैंड ऑफ द सनराइज' बताते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि इस पावन धरा को नमन करता हूं। उत्तर प्रदेश सूर्यवंश के राजा भगवान श्रीराम की पावन जन्मस्थली है। यही नहीं, भगवान बुद्ध की पावन कर्मभूमि भी उत्तर प्रदेश ही है। भगवान बुद्ध से जुड़े विश्व के सर्वाधिक महत्वपूर्ण स्थल कपिलवस्तु, सारनाथ, श्रावस्ती, कुशीनगर, कौशांबी, सहित अनेक पवित्र स्थल उत्तर प्रदेश में स्थित हैं। आज प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में रामायण सर्किट एवं बौद्ध सर्किट को प्रभावी ढंग से विकसित किया जा रहा है, जिससे स्पिरिचुअल टूरिज्म को नई गति मिली है। योगी ने कहा कि जब भगवान राम और भगवान बुद्ध की बात होती है, तो यह सूर्यवंश की उस महान परंपरा



से जुड़ती है, जिसकी प्रथम किरण का उदय जापान की धरती पर होता है। इसी सांस्कृतिक आत्मीयता के साथ मैं आप सभी का स्वागत करता हूं। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 25 करोड़ की आबादी वाला उत्तर प्रदेश देश का सबसे बड़ा उपभोक्ता बाजार है। जितनी बड़ी आबादी है, उतनी ही बड़ी चुनौतियां हैं और उतनी ही विशाल संभावनाएं भी हैं। पिछले नौ वर्षों में राज्य की अर्थव्यवस्था और प्रति व्यक्ति आय लगभग तीन गुना बढ़ी है। जो राज्य कभी बीमारू कहा जाता था, वह आज भारत की अर्थव्यवस्था का ग्रोथ इंजन बन चुका है। देश की केवल 11 प्रतिशत .षि भूमि होने के बावजूद उत्तर प्रदेश देश का करीब 21 प्रतिशत खाद्यान्न उत्पादन करता है। इससे फूड प्रोसेसिंग, पैकेजिंग और एग्री लॉजिस्टिक्स के क्षेत्र में बड़े निवेश के अवसर हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश के पास भरपूर मीठा जल संसाधन है, जिसका उपयोग .षि के साथ ग्रीन हाइड्रोजन जैसे नए क्षेत्रों में किया जा सकता है। राज्य की 56 प्रतिशत आबादी युवा है, जिससे उद्योगों को पर्याप्त और कुशल मानव संसाधन मिलता है। पिछले वर्षों में प्रदेश में तेजी से इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित हुआ है। एक्सप्रेसवे नेटवर्क, देश का सबसे बड़ा रेल नेटवर्क और ईस्टर्न–वेस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर का जंक्शन उत्तर प्रदेश में है। एक्सप्रेसवे के किनारे 27 औद्योगिक क्लस्टर विकसित किए जा रहे है।.मैं जापान के बिजनेस लीडर्स को आमंत्रित करता हूं कि वे यूपी में इन परियोजनाओं में भागीदारी करें। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जापान के उद्यमियों को विशेष रूप से यीडा क्षेत्र में प्रस्तावित जापान इंडस्ट्रियल सिटी के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में 16 एयरपोर्ट संचालित हैं, जिनमें 4 अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट हैं तथा नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट जल्द शुरू होने वाला है। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पास ही जापानी निवेशकों के लिए जापान इंडस्ट्रियल सिटी विकसित की जा रही है। इसके लिए 500 एकड़ भूमि चिन्हित कर ली गई है। इसका उद्देश्य है कि जापानी उद्योग एक ही स्थान पर क्लस्टर के रूप में निवेश कर सकें। यहां उन्हें बेहतर कनेक्टिविटी, लॉजिस्टिक्स और निर्यात सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश में निवेश इसलिए सुरक्षित है क्योंकि यहां स्केल, स्किल, स्टेबिलिटी और स्पीड चारों उपलब्ध हैं भारत के मोबाइल मैन्युफैक्चरिंग का 55 प्रतिशत और इलेक्ट्रॉनिक कंपोनेंट उत्पादन का लगभग 60 प्रतिशत उत्तर प्रदेश में हो रहा है डेटा सेंटर, सेमीकंडक्टर, लॉजिस्टिक्स, वेयरहाउसिंग और रिन्यूएबल एनर्जी में निवेश की अच्छी संभावनाएं हैं हाल ही में नोएडा क्षेत्र में सेमीकंडक्टर यूनिट की आधारशिला रखी गई है। प्रदेश के पास 75,000 एकड़ का लैंड बैंक उपलब्ध है। झांसी के पास बुंदेलखंड क्षेत्र में 56,000 एकड़ में नया औद्योगिक शहर विकसित किया जा रहा है, जिससे क्षेत्रीय औद्योगिक विकास को नई गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि 2023 के ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में प्रदेश को 40 लाख करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव मिले। लगभग 15 लाख करोड़ रुपए की परियोजनाएं जमीन पर उतर चुकी हैं और 7 लाख करोड़ रुपए का निवेश प्रक्रिया में है। उत्तर प्रदेश में 96 लाख एमएसएमई इकाइयां कार्यरत हैं, जिनमें तीन करोड़ से अधिक लोगों को रोजगार मिला है। नई इकाइयों को 1,000 दिनों तक कई तरह की एनओसी से छूट दी जाती है, ताकि उद्योग आसानी से शुरू हो सकें। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश में 34 से अधिक सेक्टोरल नीतियां लागू हैं। निवेश मित्र और निवेश सारथी जैसी सिंगल विंडो व्यवस्था से निवेश प्रक्रिया सरल हुई है। बेहतर कानून–व्यवस्था और पारदर्शी नीतियों के कारण उत्तर प्रदेश ईज ऑफ डूइंग बिजनेस में अग्रणी राज्यों में शामिल है। पिछले वर्ष प्रदेश में 156 करोड़ पर्यटक आए, जिससे होटल, रेस्टोरेंट, हेरिटेज और स्पिरिचुअल टूरिज्म में निवेश के अवसर बढ़े हैं। इलेक्ट्रिक व्हीकल मोबिलिटी, डीप टेक, फिनटेक, मेडटेक और सर्विस सेक्टर में भी निवेश की संभावनाएं हैं।

# पार्लियामेंट्री फ्रेंडशिप ग्रुप्स का गठन मोदी सरकार का एक नया प्रयोग!


फरीद वारसी

केंद्र सरकार दुनिया के कुछ खास देशों के साथ अपने संबंधों को और मजबूत करने के लिए पार्लियामेंट्री फ्रेंडशिप ग्रुप्स पर फोकस कर रही है। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने सरकार की इस नीति को लेकर एक बड़ा बयान भी दिया। उन्होंने कहा कि 60 से ज्यादा देशों के साथ बनाए गए पार्लियामेंट्री फ्रेंडशिप ग्रुप्स कुछ खास देशों के साथ रिश्ते और गहरे करने के लिए जहां एक तरफ काम करेगा। वहीं, दूसरी तरफ पार्लियामेंट्री डिप्लोमेसी को भारत की फॉरेन पॉलिसी के सेंट्रल पिलर के तौर पर मजबूत बनाएगा। आपको बता दें कि लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने 64 देशों के साथ पार्लियामेंट्री फ्रेंडशिप ग्रुप्स बनाए हैं। यह एक अहम कदम है जिसका मकसद भारत के इंटर–पार्लियामेंट्री जुड़ाव को बढ़ाना और लगातार लेजिस्लेटिव बातचीत के जरिए पारंपरिक डिप्लोमेसी को सपोर्ट करना है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में किरेन रिजिजू ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत और दूसरे देशों के बीच जुड़ाव बढ़ाने के लिए पार्लियामेंट्री फ्रेंडशिप ग्रुप्स बनाने का प्रस्ताव दिया था। जिसके स्पीकर ओम बिरला ने अब 60 से ज्यादा देशों के साथ ये ग्रुप्स बनाए हैं, जिससे ग्लोबल डेमोक्रेटिक रिश्ते मजबूत हुए हैं। रिजिजू ने कहा कि यह पहल बड़े देशों के साथ रिश्तों को गहरा करेगी और देश की फॉरेन पॉलिसी फ्रेमवर्क के एक अहम पिलर के तौर पर पार्लियामेंट्री डिप्लोमेसी को और मजबूत करेगी। लेजिस्लेटर– टू–लेजिस्लेटर के बीच मजबूत जुड़ाव से भरोसा, बातचीत और सहयोग बढ़ेगा, जो ग्लोबल स्टेज पर एक जिम्मेदार और लीडिंग डेमोक्रेसी के तौर पर भारत की बढ़ती भूमिका को दिखाता है। जैसा कि उल्लेखनीय है कि दुनिया के देशों के साथ भारत के संसदीय संबंधों को और मजबूत करने के उद्देश्य से लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला ने 60 से अधिक देशों के साथ संसदीय मैत्री समूहों का गठन किया है। यह ग्रुप भारत के सांसदों का दुनिया के सांसदों के साथ सीधा और नियमित संवाद बढ़ाएगा। इन मैत्री समूहों में सभी प्रमुख राजनीतिक दलों के सांसद शामिल हैं। ये सांसद विदेश जाकर वहां के सांसदों से संवाद करेंगे। जिन देशों के साथ ये मैत्री समूह बनाए गए हैं, उनमें श्रीलंका, जर्मनी, न्यूज़ीलैंड, स्विट्ज़रलैंड, दक्षिण अफ्रीका, भूटान, सऊदी अरब, इज़राइल, मालदीव, अमेरिका, रूस, यूरोपीय संसद, दक्षिण कोरिया, नेपाल, यूनाइटेड किंगडम, फ्रांस, जापान, इटली, ओमान, ऑस्ट्रेलिया, ग्रीस, सिंगापुर, ब्राज़ील, वियतनाम, मेक्सिको, ईरान और संयुक्तअरब अमीरात शामिल हैं। जिसके तहत पक्ष–विपक्ष के ये सांसद विदेश जाएंगे। वरिष्ठ नेताओं में श्री रवि शंकर प्रसाद, डॉ. एम. थंबीदुरई, श्री पी. चिदंबरम, प्रो. राम गोपाल यादव, श्री टी.आर. बालू, डॉ. काकोली घोष दस्तीदार, श्री गौरव गोगोई, सुश्री कनिमोझी करुणानिधि, श्री मनीष तिवारी, श्री डेरेक ओ'ब्रायन, श्री अभिषेक बनर्जी, श्री असादुद्दीन ओवैसी, श्री अखिलेश यादव, श्री के.सी. वेणुगोपाल, श्री राजीव प्रताप रूडी, सुश्री सुप्रिया सुले, श्री संजय सिंह, श्री बैजयंत पांडा, डॉ. शशि थरूर, डॉ. निशिकांत दुबे, श्री अनुराग सिंह ठाकुर, श्री भर्तृहरि महताब, डॉ. (सुश्री) डी. पुरंदेश्वरी, श्री संजय कुमार झा, सुश्री हेमा




मालिनी, श्री बिप्लब कुमार देब, डॉ. सुधांशु त्रिवेदी, श्री जगदंबिका पाल, डॉ. सस्मित पात्रा, सुश्री अपराजिता सारंगी, श्री श्रीकांत एकनाथ शिंदे, श्री पी.वी. मिधुन रेड्डी और श्री प्रफुल्ल पटेल सहित कई अन्य नेता शामिल हैं। जिन सांसदों के नाम सामने आए हैं, उन 33 में से 15 सांसद विपक्ष के हैं। इसके अलावा कुल 64 देशों के लिए 11–11 सांसदों का एक ग्रुप बनाया गया है यानि लोकसभा और राज्यसभा के लगभग सभी 795 सांसदोंका नाम शामिल हैं। हालांकि इसमें प्रधानमंत्री, मंत्रियों और लोकसभा, राज्यसभा के नेता प्रतिपक्ष को इससे अलग रखा गया है। एक ऐसे समय में जब लोकसभा और राज्यसभा में सरकार और विपक्ष के बीच तनातनी चरम पर है, जहां खुद लोकसभा अध्यक्ष के खिलाफ विपक्ष के सौ से ज्यादा सांसदों ने हस्ताक्षर करके उनके खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाया है और जिस वजह से लोकसभा अध्यक्ष अपने आसन पर नहीं बैठ रहे हैं। जहां लोकसभा के 8 सांसद निलंबित हैं और वो संसद भवन परिसर में रोज धरना देते हैं, जिनके निलंबन वापस लेने का प्रस्ताव पर अभी भी कोई फैसला नहीं हुआ है। एक तरफ जहां लोकसभा अध्यक्ष के चैंबर में विपक्षी सांसदों के नारे लगाने का आरोप है जहां विपक्ष की महिला सांसदों पर प्रधानमंत्री का रास्ता रोकने का आरोप है, वहां इस तरह का ग्रुप बनाकर लोकसभा अध्यक्ष क्या संकेत देना चाहते हैं। जब ऑपरेशन सिंदूर के समय इसी तरफ का ग्रुप बनाकर विदेश भेजा गया था तब सरकार की बहुत सराहना हुई थी। हालांकि तब शशि थरूर के कुछ बयानों पर कांग्रेस ने आपत्ति भी जताई थी। और कांग्रेस के कुछ नेताओं ने शशि थरूर पर कार्रवाई करने की भी मांग की थी. मगर अब परिस्थिति बदल गई है। थरूर अब ठंडे पड़कर पूरी तरह से कांग्रेस आलाकमान के साथ है और इस सूची में लगभग सभी सांसदों का नाम है। इतना तो जरूर है कि लोकसभा अध्यक्ष के इस कदम को एक नए प्रयोग और प्रयास के तौर पर देखा जा रहा है। इसका कितना फायदा होगा यह तो वक्त बताएगा लेकिन उम्मीद की जानी चाहिए कि इससे सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच की करवाहट थोड़ी कम हो और संसद का सत्र चले, क्योंकि बजट सत्र का पहला भाग तो हंगामों के भेंट चढ़ गया। बजट सत्र का अगला भाग 9 मार्च से 2 अप्रैल तक होगा और सब यही चाहेंगे कि कम से कम इस सत्र में कुछ कामकाज हो।

# अर्थव्यवस्था का एक नया नजरिया: भारत के जीडीपी के आधार में संशोधन को समझना

श्री सौरभ गर्ग

सकल घरेलू उत्पाद या जीडीपी किसी देश की अर्थव्यवस्था के आकार और उसकी सेहत को आंकने का एक तरीका है। यह एक राष्ट्र का वह रिपोर्ट कार्ड है, जो हमें बताता है कि वह देश वस्तुओं और सेवाओं के लिहाज से कितना उत्पादन कर रहा है। जब जीडीपी बढ़ रही होती है, तो आमतौर पर इसका मतलब होता है कि कारोबार जगत वस्तुओं एवं सेवाओं का अधिक उत्पादन कर रहा है, अधिक संख्या में लोगों को रोजगार मिल रहा है और आय बढ़ रही है। वैश्विक स्तर पर भी जीडीपी का बेहद महत्व होता है। वर्तमान में भारत विश्व की शीर्ष पांच अर्थव्यवस्थाओं में शुमार है और अनुमान है कि 2030 तक यह तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगी। अर्थव्यवस्था को मापने के एक साधन के रूप में, जीडीपी को अर्थव्यवस्था की सही नब्ज को पहचानने के उद्देश्य से नियमित रूप से संशोधित करते रहने की जरूरत होती है। इस काम को बदलती अर्थव्यवस्था के साथ तालमेल बनाए रखने के इरादे से जीडीपी के आधार वर्ष को नियमित अंतराल पर अद्यतन करके पूरा किया जाता है। जैसे–जैसे अर्थव्यवस्था के स्वरूप बदलता जाता है और नए उद्योग उभरते हैं, उपभोग के पैटर्न बदलते हैं तथा आंकड़ों के नए स्रोत विकसित होते हैं, इन संशोधनों से आधिकारिक आंकड़ों को असली हकीकतों के अनुरूप ढालने में मदद मिलती है और अनुमान अधिक सटीक व ठोस बन जाते हैं। आधार में पिछले संशोधन के बाद से आंकड़ों के नए स्रोतों की उपलब्धता ने हमें जीडीपी में अलग–अलग सेक्टरों और अलग–अलग क्षेत्रों के योगदानों को अधिक स्पष्ट रूप से देखने और बेहतर तरीकों को अपनाने में मदद की है। उदाहरण के लिए, अनौपचारिक क्षेत्र को भी व्यापक रूप से कवर करने वाले गैर–निगमित क्षेत्र द्वारा मूल्य वर्धन का अनुमान लगाने में संदर्भ में। जीडीपी के आधार में पिछले संशोधन के बाद से, कंपनियों के प्रबंधन एवं प्रशासन संबंधी आंकड़े (एमजीटी–7/7ए) जैसे कुछ नए किस्म के आंकड़े उपलब्ध हुए हैं। ये आंकड़े कंपनियों द्वारा की जाने वाली व्यावसायिक गतिविधियों की संख्या, एनआईसी 2008 के अनुसार व्यावसायिक गतिविधि के विवरण और प्रत्येक वर्ष प्रत्येक व्यावसायिक गतिविधि (उद्योग) से प्राप्त प्रतिशत कारोबार (टर्नओवर) की जानकारी प्रदान करते हैं। इसलिए, आधार का पुनर्निर्धारण करते समय बहु–गतिविधियों वाले उद्यमों के लिए मूल्यवर्धन को अब पहले की तरह पूरी तरह से मुख्य गतिविधि को आवंटित करने के बजाय नए उपलब्ध एमजीटी–7 के आंकड़ों के आधार पर विभिन्न गतिविधियों में आवंटित किया जाता है। इस बदलाव से हमें अलग–अलग सेक्टरों के योगदानों को अधिक सटीक रूप से समझने में मदद मिलती है। इससे यह स्पष्ट हो जाता है कि प्रत्येक व्यावसायिक गतिविधि अर्थव्यवस्था को किस प्रकार संचालित कर रही है। जिस प्रकार कंपनी स्तर के नए आंकड़े हमें अलग–अलग सेक्टरों के योगदानों को अधिक सटीक रूप से मापने में मदद करते हैं, ठीक वैसे ही नई श्रृंखला में जीएसटी आंकड़ों के बेहतर उपयोग से अन्य बातों के अलावा, निजी कॉरपोरेट सेक्टर से संबंधित क्षेत्रीय आवंटन में सुधार और राज्य स्तर पर व्यय–पक्ष के अनुमानों के बेहतर संकलन के जरिए जीडीपी में क्षेत्रीय योगदानों का अधिक सटीक और सूक्ष्म दृष्टिकोण हासिल होता है। एएसयूएसई और पीएलएफएस जैसे सर्वेक्षणों से हासिल वार्षिक आंकड़ों की उपलब्धता, जिसकी सुविधा पहले नहीं थी, ने हमें गैर–निगमित क्षेत्र द्वारा वार्षिक रूप से मूल्यवर्धन का अनुमान लगाने की एक बेहतर पद्धति अपनाने में समर्थ बनाया है। पहले हम अन्य संकेतकों से अप्रत्यक्ष रूप से जीडीपी में इसके योगदान का अनुमान लगाते थे। यह महत्वपूर्ण है क्योंकि लाखों घरेलू व्यवसायों, छोटी दुकानों और स्वरोजगार श्रमिकों से मिलकर बना यह सेक्टर अर्थव्यवस्था का एक बड़ा हिस्सा है और रोजगार एवं आजीविका में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। जीडीपी के आधार में संशोधन महज आंकड़ों के नए स्रोतों के उपयोग से कहीं आगे की बात है। यह कार्यप्रणाली में सुधार से भी जुड़ा है और इस संदर्भ में, जीडीपी की नई श्रृंखला में कई कार्यप्रणालीगत सुधार देखे गए हैं। पहले, कीमतों में बदलाव के अनुसार जीडीपी को समायोजित करने की दोहरी अपस्फीति (डबल डिफ्लेशन) विस्तृत विधि सिर्फ कृषि क्षेत्र में ही लागू होती थी। वर्ष 2022–23 की नई श्रृंखला में दोहरी अपस्फीति विधि का विस्तार करके इसे मैन्यूफैक्चरिंग क्षेत्र तक ले आया गया है, जहां अब पर्याप्त आंकड़े उपलब्ध हैं और अन्य सभी क्षेत्रों में एकल बहिर्वेशन (सिंगल एक्सट्रपलेशन)/ मात्रात्मक बहिर्वेशन (वॉल्यूम एक्सट्रपलेशन) विधि का उपयोग किया जाता है। यह दृष्टिकोण उपलब्ध आंकड़ों का सर्वोत्तम उपयोग करता है, जिससे अनुमान सटीक और विश्वसनीय बने रहते हैं। दोहरी अपस्फीति में बहुत अधिक आंकड़ों की आवश्यकता होती है, क्योंकि इसके लिए आउटपुट और इनपुट दोनों की कीमतों पर विस्तृत जानकारी की जरूरत होती है। जैसे–जैसे समय के साथ यह आंकड़ा और अधिक उपलब्ध होता जाएगा, हम इसके उपयोग का विस्तार और अधिक क्षेत्रों में कर सकेंगे। कार्यप्रणाली की दृष्टि से एक उल्लेखनीय सुधार यह है कि अर्थव्यवस्था के अनुमानों को उत्पादित वस्तुओं (उत्पादन पक्ष) और लोगों एवं कारोबार जगत द्वारा किए गए व्यय (खर्च पक्ष) के आधार पर ढाला गया है। ये दोनों पक्ष अक्सर पूरी तरह से मेल नहीं खाते, जो कि दुनिया के तमाम देशों में और खासकर तिमाही जीडीपी के मामले में, एक आम समस्या है। इस समस्या को दूर करने के उद्देश्य से नई श्रृंखला में श्आपूर्ति एवं उपयोग सारणीच के ढांचे का उपयोग किया जा रहा है ताकि प्रारंभिक अनुमानों में विसंगतियों को सीमित किया जा सके और अंतिम अनुमानों के समय पूरे आंकड़े उपलब्ध होने पर उन्हें पूरी तरह से दूर किया जा सके। जीडीपी के आंकड़ों को अद्यतन करना अर्थव्यवस्था को और भी स्पष्ट नजरिए से देखने जैसा है। हर आर्थिक गतिविधि, चाहे छोटी हो या बड़ी, स्पष्ट रूप से सामने आती है और राष्ट्र के विकास में उसके योगदान का सटीक तरीके से उजागर होता है। बेहतर आंकड़ों का उपयोग करके, विधियों को परिष्कृत करके और अंतरराष्ट्रीय सर्वोत्तम कार्यप्रणालियों के अनुरूप ढलकर, मंत्रालय ने अर्थव्यवस्था को और भी स्पष्ट रूप से पेश किया है। नागरिकों के लिए इसका मतलब यह है कि अब नीतियां एवं सार्वजनिक सेवाएं अर्थव्यवस्था की कार्यप्रणाली की सटीक समझ पर आधारित हैं, जिससे विकास का असर सिर्फ कागजों पर ही नहीं बल्कि रोजमर्रा की जिंदगी में भी महसूस हो रहा है।

(लेखक सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के सचिव हैं। ये उनके निजी विचार हैं।)

# करंट की चपेट में आया गुलदार, पेड़ पर चढ़ते समय मौत

न्यूज वाणी ब्यूरो



बिजनौर । ( शेरकोट )थाना शेरकोट क्षेत्र के मंधोरा मार्ग स्थित नया गांव रोड पर उस समय सनसनी फैल गई जब सड़क किनारे एक गुलदार का शव मिला। बताया जा रहा है कि गुलदार बंदर का शिकार करने के लिए पेड़ पर चढ़ा था, तभी ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन विद्युत लाइन की चपेट में आने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना नया गांव रोड पर स्थित पटाखा फैक्ट्री के पास की है। सुबह मॉर्निंग वॉक पर निकले कुछ युवकों ने सड़क किनारे गुलदार का शव पड़ा देखा। सूचना मिलते ही इलाके में अफरा–तफरी मच गई और लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना पर वन विभाग की टीम तत्काल मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। अधिकारियों के अनुसार मृत गुलदार नर है, जिसकी उम्र लगभग पांच वर्ष बताई जा रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। वन विभाग द्वारा आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

# भारतीय मजदूर किसान यूनियन देव शक्तिमें नई नियुक्तियाँ, संगठन को मजबूत करने का संकल्प

न्यूज वाणी ब्यूरो

बिजनौर । भारतीय मजदूर किसान यूनियन देव शक्ति के राष्ट्रीय अध्यक्ष नवीन कुमार ने संगठन के विस्तार एवं मजबूती के उद्देश्य से महत्वपूर्ण नियुक्तियों की घोषणा की है। संगठन को राष्ट्रीय एवं जिला स्तर पर सशक्त बनाने के लिए यह निर्णय लिया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने संदीप उपाध्याय को राष्ट्रीय महासचिव के पद पर नियुक्त किया है। वहीं सोमपाल उपाध्याय को जिला प्रभारी, बिजनौर तथा अंकित पाल को जिला महासचिव, बिजनौर के पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि संगठन मजदूरों और किसानों के अधिकारों की रक्षा के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। नई टीम के गठन से संगठन की गतिविधियों को गति मिलेगी और जमीनी स्तर पर संगठन को मजबूती मिलेगी। नवनियुक्त पदाधिकारियों ने नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए संगठन की नीतियों को जन–जन तक पहुंचाने तथा मजदूरों और किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करने का आश्वासन दिया। संगठन के कार्यकर्ताओं ने भी नई नियुक्तियों का स्वागत करते हुए इसे संगठन के लिए सकारात्मक कदम बताया।

# उमरा से लौटते समय हादसा, शेरकोट के युवक की सऊदी अरब में मौत

न्यूज वाणी ब्यूरो

बिजनौर । ( शेरकोट ) सऊदी अरब से एक दर्दनाक खबर सामने आई है। शेरकोट के मोहल्ला तराई निवासी 25 वर्षीय मोहम्मद कैफ की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। हादसा उस समय हुआ जब वह उमरा अदा कर अपने साथियों के साथ वापस लौट रहा था। घटना की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया और पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। परिजनों के अनुसार, मोहम्मद कैफ पुत्र खालिद सऊदी अरब में नौकरी करता था। वह करीब दो महीने पहले छुट्टी पर अपने घर आया था और कुछ समय पूर्व ही दोबारा काम पर लौटने के लिए सऊदी अरब गया था। बताया जा रहा है कि अपने जन्मदिन के अवसर पर वह दोस्तों के साथ मक्का और मदीना में उमरा करने गया था। गुरुवार को उमरा पूरा करने के बाद शुक्रवार शाम वह कार से अपने ठिकाने की ओर लौट रहा था। इसी दौरान रास्ते में भीषण सड़क हादसा हो गया, जिसमें उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मोहम्मद कैफ चार भाइयों में सबसे बड़ा था और अभी अविवाहित था। उसकी असामयिक मृत्यु से परिवार गहरे सदमे में है। परिजन अब शव को भारत लाने के लिए कानूनी प्रक्रिया पूरी करने में जुटे हैं। इस दुखद घटना से शेरकोट क्षेत्र में शोक का माहौल है और लोग परिजनों को सांत्वना दे रहे।

# राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर राममुरारी पब्लिक स्कूल में लगी प्रदर्शनी

न्यूज वाणी ब्यूरो

शहजहांपुर मीरानपुर कटरा । आज राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर राममुरारी पब्लिक स्कूल मीरानपुर कटरा में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी का उद्घाटन सालपुर नवदिया के ग्राम प्रधान इंद्रजीत सिंह ने



दीप प्रज्ज्वलित एवं माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण करके किया। प्रदर्शनी में कक्षा एक से कक्षा बारह तक के विद्यार्थियों ने अलग अलग मॉडल, चार्ट्स और प्रोजेक्ट प्रस्तुत किए। प्रदर्शनी में स्वचालित मॉडलों ने सबका ध्यान आकर्षित किया। इन मॉडलों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग, वाटर प्यूरिफायर, सोलर सिस्टम, सिंधु घाटी सभ्यता, मानव हृदय, वन संरक्षण, जल संरक्षण, हिन्दी, अंग्रेजी आदि के अनेक विषयों पर मॉडल व चार्ट प्रदर्शित किए गए। इस अवसर पर विद्यालय की निदेशिका डॉ० चीना गर्ग ने सभी विद्यार्थियों को बधाई व शुभकामनाएँ दीं और उनकी प्रतिभा की सराहना की। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ० लवलेश दत्त ने सभी उपस्थित अभिभावकों को विद्यार्थियों के उत्साहवर्धन हेतु पधारने पर आभार व्यक्त किया। विद्यालय के प्रबंधक डॉ० अशोक अग्रवाल एवं डॉ० किरन अग्रवाल ने भी विद्यार्थियों को बधाई प्रेषित की।

# जमानिया में सिद्धार्थ क्लीनिक का शुभारंभ, सांसद डॉ. संगीता बलवंत ने किया उद्घाटन

न्यूज वाणी ब्यूरो



गाजीपुर । जनपद के जमानिया नगर पालिका में थाना के सामने स्थित सिद्धार्थ क्लीनिक का उद्घाटन भाजपा राज्य सभा सांसद डॉ संगीता बलवंत ने किया। जमानिया कस्बा में मेडिकल सुविधा का अभाव रहा है, संगीता बलवंत ने कहा कि सिद्धार्थ क्लीनिक खुलने से नगरवासियों विशेष कर महिलाओं को स्वास्थ्य सुविधा मिलेगी। सिद्धार्थ क्लीनिक की डॉ आशा बिन्द ने बताया कि स्त्री व प्रसूति रोग से संबंधित सभी प्रकार का ईलाज होगा। सिद्धार्थ क्लीनिक के ओ पी डी का समय शाम 3 बजे से 6 बजे तक होगा। विशेष परिस्थिति में सिद्धार्थ हॉस्पिटल में 3 बजे से पहले सभी प्रकार का इलाज होता है। उद्धघाटन समारोह डॉ दीपक, सुधीर कुमार, मनोज कुमार, राज चौधरी, रोहित, सचिन आदि लोग उपस्थित रहें।

# दारूका पेपर मिल में चौथे दिन भी दहाड़े मजदूर: 'होली से पहले वेतन नहीं, तो लखनऊमें मचेगा शोर'

न्यूज वाणी ब्यूरो

सीतापुर (रामकोट)। रामकोट स्थित दारूका पेपर मिल के बाहर श्रमिकों का आंदोलन शनिवार को चौथे दिन भी अंगारों की तरह दहकता रहा। बकाया वेतन की मांग को लेकर अड़े मजदूर अब पीछे हटने को तैयार नहीं हैं। इस संघर्ष में अब किसान संगठनों और मजदूर यूनियनों ने भी पूरी ताकत झोंक दी है, जिससे मिल प्रबंधन और प्रशासन की मुश्किलें बढ़ती नजर आ रही हैं। फीकी न रहे मजदूरों की होलीष्रू संयुक्त किसान मोर्चा आंदोलन स्थल पर समर्थन देने पहुंचे संयुक्त किसान मोर्चा के संयोजक पिंदर सिंह सिद्धू ने शासन–प्रशासन की कार्यप्रणाली पर तीखा प्रहार किया। उन्होंने भावुक और तल्ख लहजे में कहारू होली रंगों और खुशियों का त्योहार है, लेकिन प्रशासन बताए कि बिना वेतन के ये गरीब मजदूर अपने घरों में दीया कैसे जलाएंगे और त्योहार कैसे मनाएंगे? अगर मिल मालिकों ने इनका हक नहीं दिया, तो 2 तारीख को लखनऊ की सड़कों पर बड़ा कदम उठाया जाएगा। सम्मान और हक की लड़ाई किसान मजदूर संघर्ष मोर्चा की जिला अध्यक्ष सोनी श्री ने भी दर्जनों पदाधिकारियों के साथ पहुंचकर मजदूरों का मनोबल बढ़ाया। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह केवल चंद रुपयों का मामला नहीं, बल्कि मजदूरों के आत्मसम्मान और उनके परिवारों की आजीविका का सवाल है। वहीं, जिला सचिव अमन सिंह ने मिल प्रबंधन पर वादाखिलाफी का आरोप लगाते हुए कहा कि बार– बार मिलने वाले खोखले आश्वासनों ने श्रमिकों के सब्र का बांध तोड़ दिया है। प्रशासन को अल्टीमेटमरू 1 तारीख तक का समय




आंदोलनकारियों ने जिला प्रशासन और मिल प्रबंधन को दो–टूक शब्दों में चेतावनी दी हैरू डेडलाइनरू यदि 1 तारीख तक बकाया भुगतान सुनिश्चित नहीं किया गया, तो आंदोलन का रुख राजधानी लखनऊ की ओर होगा। संकल्परू जब तक खाते में मेहनत की कमाई नहीं आती, तब तक धरना स्थल से एक भी श्रमिक नहीं हटेगा। फिलहाल, भारी संख्या में जुटे श्रमिकों की नारेबाजी से मिल परिसर गूंज रहा है। अब देखना यह है कि प्रशासन इस श्होली के अल्टीमेटमश पर क्या रुख अपनाता है।

# पुरानी झुमकी और कम वजन के बिछुए ने तोड़ा शादी का बंधनरू सात फेरों से पहले बैरंग लौटी बारात



न्यूज वाणी ब्यूरो

मिश्रिख (सीतापुर)। कहते हैं कि शादियाँ अटूट विश्वास और प्रेम का बंधन होती हैं, लेकिन कभी–कभी गहनों की चमक इस रिश्ते पर भारी पड़ जाती है। ऐसा ही एक मामला सीतापुर के मिश्रिख कोतवाली क्षेत्र के इस्लामनगर गांव में सामने आया, जहाँ चढ़ावे के गहनों को लेकर उपजे विवाद ने देखते ही देखते एक नई गृहस्थी को बसने से पहले ही उजाड़ दिया। द्वारपूजा और जयमाला के बाद बदला माहौल लखीमपुर खीरी के मैगलगंज निवासी मंजेश की बारात बृहस्पतिवार को पूरे उत्साह के साथ इस्लामनगर पहुंची थी। द्वारपूजन हुआ, जयमाला की रस्में भी खुशी–खुशी संपन्न हुईं। लेकिन जैसे ही शुक्रवार भोर में फेरों का समय आया, खुशियां तकरार में बदल गईं। विवाद की जड़रू श्पुराने गहने और कम वजनश विवाद की शुरुआत चढ़ावे के गहनों को लेकर हुई। कन्या पक्ष की महिलाओं ने आरोप लगाया किरू चढ़ावे में दिए गए कान के झुमके पुराने थे। कमर बिछुआ का वजन तय मानक से काफी कम था। इस बात को लेकर दोनों पक्षों में तीखी बहस शुरू हो गई। बात इतनी बढ़ गई कि लड़की पक्ष ने शादी करने से साफ इनकार कर दिया और बारात को वापस जाने का अल्टीमेटम दे दिया। पुलिस की कोशिशें भी रहीं नाकाम मामला कोतवाली तक पहुँचा। लड़के पक्ष ने काफी मान–मनौव्वल की और समझाने का प्रयास किया, लेकिन लड़की पक्ष अपनी जिद पर अड़ा रहा। सूचना पर पहुँची पुलिस और उपनिरीक्षक शिवकुमार यादव ने दोनों परिवारों के बीच सुलह कराने की घंटों कोशिश की, पर कोई नतीजा नहीं निकला। ष्हमने दोनों पक्षों को समझाने का हरसंभव प्रयास किया, लेकिन सहमति नहीं बन सकी। फिलहाल वर पक्ष की ओर से कोई लिखित शिकायत नहीं मिली है। . प्रदीप सिंह, कोतवाली प्रभारी बिना दुल्हन के लौटा दूल्हा अंततः, जिस मंडप से डोली उठनी थी, वहाँ से शुक्रवार शाम दूल्हे को बिना दुल्हन के ही बारात वापस ले जानी पड़ी। यह घटना क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है कि कैसे मामूली गहनों के विवाद ने दो परिवारों के रिश्तों की डोर तोड़ दी।

# ग्रामीण और शहरी युवाओं के लिए कृषि क्षेत्र में उधमिता की अपार संभावनाएं : विशाल सिंह चंचल

न्यूज वाणी ब्यूरो

गाजीपुर। .षि विज्ञान केंद्र, पी० जी० कॉलेज, गाजीपुर में .षि संकाय द्वारा बी.एस–सी. (.षि) सातवें सेमेस्टर के विद्यार्थियों के पाठ्यक्रम अंतर्गत संचालित ग्रामीण .षि कार्य अनुभव (रॉम) कार्यक्रम के तहत "सतत .षि एवं प्रा.तिक संसाधन प्रबंधन" विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश विधान परिषद सदस्य विशाल सिंह चंचल ने अपने संबोधन में कहा कि रॉम कार्यक्रम .षि शिक्षा को व्यवहारिक एवं समाजोपयोगी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह कार्यक्रम विद्यार्थियों को ग्रामीण समुदायों से जोड़कर .षि की जमीनी समस्याओं को समझने का अवसर प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि .षि क्षेत्र में रोजगार एवं उद्यमिता की अपार संभावनाएं हैं, जो केवल ग्रामीण क्षेत्रों तक सीमित नहीं हैं, बल्कि शहरी युवाओं के लिए भी नए अवसर सृजित करती हैं। उचित प्रशिक्षण, तकनीकी दक्षता एवं सरकारी योजनाओं का लाभ उठाकर कृषि में सफल करियर बनाया जा सकता है। रॉम कार्यक्रम के समन्वयक प्रो. (डॉ.) जी. सिंह ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए बताया कि भारतीय .षि अनुसंधान परिषद द्वारा .षि स्नातक पाठ्यक्रम में



रॉम को शामिल किया गया है, ताकि छात्रों को .षि एवं ग्रामीण विकास के वर्तमान और उभरते अवसरों व चुनौतियों से अवगत कराया जा सके। इस कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों को कुल 20 सप्ताह का प्रशिक्षण दिया जाता है, जिसमें एक सप्ताह महाविद्यालय परिसर में, पाँच सप्ताह .षि विज्ञान केंद्र में, तीन सप्ताह प्लांट हेल्थ क्लिनिक में, आठ सप्ताह ग्राम स्तर पर किसानों के साथ व्यवहारिक प्रशिक्षण, तीन सप्ताह एग्रो–इंडस्ट्री में तथा एक सप्ताह परियोजना निर्माण एवं प्रस्तुतीकरण हेतु प्रशिक्षण शामिल है। विशिष्ट अतिथि अपर जिलाधिकारी श्री दिनेश कुमार ने कहा कि आधुनिक .षि में वैज्ञानिक तकनीकों और प्रबंधन के समावेश के कारण .षि शिक्षा और कौशल का महत्व निरंतर बढ़ रहा है। इसके माध्यम से न केवल पारंपरिक खेती में सुधार संभव है, बल्कि रोजगार और स्वरोजगार के नए अवसर भी विकसित किए जा सकते हैं। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर (डॉ०) राघवेन्द्र कुमार पाण्डेय ने .षि क्षेत्र में उपलब्ध रोजगार संभावनाओं पर प्रकाश डाला और बताया कि .षि क्षेत्र भारत के जीडीपी में 18 प्रतिशत एवं रोजगार सृजन में 41.2 प्रतिशत का योगदान है। वहीं, केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ. विनोद कुमार सिंह ने छात्रों से आह्वान किया कि वे .षि के प्रायोगिक ज्ञान को सर्वोपरि मानें, क्योंकि .षि फार्म ही उनके लिए वास्तविक प्रयोगशाला है। वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. धर्मेंद्र कुमार सिंह ने मृदा उर्वरता को ध्यान में रखते हुए वैज्ञानिक खेती अपनाने पर बल दिया। इस अवसर पर डॉ. योगेश कुमार, डॉ. अशोक कुमार, डॉ. ओमकार सिंह, ई० आशीष कुमार बाजपेयी, डॉ. प्रमोद कुमार सिंह, सुनील कुमार सहित अन्य प्राध्यापक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रो. (डॉ.) जी. सिंह ने किया।

# खीरी पुलिस का बड़ा एक्शन गोकशी के आरोप में एक पुरुष और तीन महिलाएं गिरफ्तार

**–भारी मात्रा में मांस तौलने के उपकरण और अवैध हथियार बरामद**

**–मुख्य आरोपी का पुराना आपराधिक इतिहास आया सामने**

न्यूज वाणी ब्यूरो

(लखीमपुर खीरी)। उत्तर प्रदेश सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति के तहत गोकशी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में खीरी पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। शनिवार को थाना खीरी पुलिस ने मुखबिर की सटीक सूचना पर छापेमारी कर गो–वध निवारण अधिनियम के तहत एक पुरुष और तीन महिला अभियुक्तों को गिरतार किया है। छापेमारी और बरामदगी पुलिस अधीक्षक खीरी और अपर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी) के कुशल निर्देशन में थाना खीरी पुलिस ने यह कार्रवाई की। पुलिस ने आरोपियों के पास से गोकशी से जुड़े उपकरणों का जखीरा बरामद किया है, जिसमें शामिल हैंरू

’ 01 इलेक्ट्रॉनिक तौल मशीन और 01 साधारण तराजू।

’ 04 धारदार चाकू और 02 कुल्हाड़ी (गोकशी के लिए प्रयुक्त)।

’ 06 लोहे के बाट।

’ साथ ही मौके से प्रतिबंधित पशु (गाय और सांड) भी बरामद किया गया है।

गिरतार अभियुक्तों का विवरण गिरतार किए गए आरोपियों में एक ही परिवार के सदस्य और स्थानीय निवासी शामिल हैंरू

’ हसीन (पुत्र स्वर्गीय रफीक) – मुख्य आरोपी।

’ अलीमुन्निशा (पत्नी स्वर्गीय रफीक)।

’ जमीला (पुत्री स्वर्गीय रफीक)।

’ सबीना (पत्नी छोटे)।

पुलिस जांच में सामने आया है कि मुख्य अभियुक्त हसीन एक शातिर अपराधी है। उस पर पहले से ही गो–वध निवारण अधिनियम और ऋ. ब्ळ. ।बज के तहत गंभीर मामले दर्ज हैं। पुलिस ने अब नई धाराओं के साथ–साथ आर्म्स एक्ट के तहत भी मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेज दिया है। सराहनीय पुलिस टीम इस सफल ऑपरेशन को अंजाम देने




वाली टीम में थानाध्यक्ष निराला तिवारी, उप–निरीक्षक संजय कुमार यादव, शुभम कुमार, हेड कांस्टेबल विक्रम कुमार और महिला कांस्टेबल प्रीतू यादव व अलका वर्मा सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल रहे पुलिस ने अभियुक्तों के विरुद्ध मु०अ०सं० 143 / 2026 के तहत धारा 3/5/8 (गो–वध निवारण अधि०), धारा 11 (पशु क्रूरता निवारण अधि०) और 4/25 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

# जिला अध्यक्ष अजीत सिंह राणा के निवास पर हजारो कार्यकर्ता बधाई देने पहुंचे

न्यूज वाणी ब्यूरो



नानौता सहारनपुर। भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी द्वारा जिला अध्यक्ष पद की सूची जारी की गई. सूची में जनपद सहारनपुर से अजीत सिंह राणा को पदोन्नति प्रदान करते हुए बीजेपी जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है.इस से पहले वह लगातार जिला उपाध्यक्ष पद पर बने रहते हुए जनपद में लगातार पार्टी के लिए मेहनत करते रहे.अजीत सिंह राणा के जिला अध्यक्ष बनाये जाने की घोषणा होते ही उनके समर्थको में खुशी की लहर दौड़ गई.इसी को लेकर शनिवार की सुबह से ही हजारो भाजपा कार्यकर्ता ग्राम खुडाना जिला अध्यक्ष अजीत सिंह राणा के निवास पर मिठाई गुलदस्तों के साथ बधाई देने पहुंचे.अजीत सिंह राणा को जिला अध्यक्ष बनाये जाने से उनके समर्थको में बड़ा उत्साह देखने को मिल रहा है जनपद सहारनपुर सहित अन्य जनपद से भी भाजपा नेता व कार्यकर्ता बधाई देने पहुंचे.उनके कोमल व आपसी भाईचारे वाले व्यावहार के चलते मुस्लिम समाज के लोग भी बड़ी संख्या में बधाई देते नजर आये.इस सम्बन्ध में अजीत सिंह ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी एंव मंत्री जशवंत सैनी सहित सभी भाजपा नेता व कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया. इस मौके पर बधाई देने पहुंचे भाजपा नेता विवेक नामदेव.खेमचन्द कश्यप. प्रधान राजू फोजी ग्राम कचराई.प्रधान ब्रजेश कुमार ग्राम दादनपुर.अनवार खा. रोबिन जैन.अजय सैनी.राजीव नामदेव सहित हजारो नेतागण पहुंचे।

# होली की गुझियाऔर ईद की सेमइयों की मिठास को तहसील प्रशासन ने छीन लिया है

न्यूज वाणी ब्यूरो

तंबौर सीतापुर। तंबौर सहित क्षेत्र में गुरुवार को लकड़ी व्यापारियों पर तहसीलदार मनीष त्रिपाठी का सुबह 5 बजें चली कार्यवाही से नाराज किसानों ने बताया की जमीन पर बच्चों की तरह परवरिश कर पेड़ तैयार करता हूं फिर जब बेचना चाहते हैं तब पुलिस,वन विभाग से अनुमति लेनी पड़ती है, यही नहीं तंबौर कस्बे के फैक्ट्री मालिकों का कहना है सेमल पापुलर, सरकार की तरफ से छूट प्रजाति की लकड़ी हैं फिर उसपर कार्यवाही क्यों की जाती है यही नहीं होली,ईद का त्योहार सर पर है जिन किसानों की लकड़ी थी उसमें कई लोगों के यहां शादी थी उनकी भी नहीं सुनवाई हुई जिसे बेचकर शादी में सहयोग हो सके और तो और उल्टा सरकार को जुर्माना की धनराशि देना होगा मैं कहां से लाऊंगा, फैक्ट्री मालिकों का कहना है कि जबतक तौल नहीं होगी फिर कैसे बिक्री कर सकते हैं। रचना प्लाइवुड के संचालक राजकिशोर कनौजिया ने बताया की मंडी शुल्क जीएसटी उन व्यारियों से मांगी जाए जो इस तरह की प्लाटो में लकड़ी के डंप लगे हैं उन लोगों से जीएसटी मंडी के कागजात मांगे जाएं ना मिलने पर लकड़ी को जब्त कर कार्यवाही करें ना की किसानों से किसान अपनी फसल को बेंचने मंडी नहीं ले जाएगा फिर कहां इस ताबड़तोड़ कार्यवाही से लोगों के त्योहार पर भारी असर पड़ा है।

# अटरिया गौसंरक्षण केंद्र का डीएम ने किया औचक निरीक्षणरू गुणवत्ता में कमी मिली तो खैर नहीं!

न्यूज वाणी ब्यूरो



सीतापुर। जनपद के अटरिया क्षेत्र अंतर्गत सराय (सिधौली) में बन रहे वृहद गौसंरक्षण केंद्र को लेकर प्रशासन पूरी तरह एक्शन मोड में है। शनिवार को जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. ने निर्माणाधीन परिसर का बारीकी से निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। डीएम के कड़े रुख को देखकर निर्माण कार्य में लगे अधिकारियों और ठेकेदारों में हड़कंप की स्थिति रही। व्यवस्थाओं की कड़ाई से जांच निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने सबसे पहले गौवंश के खान–पान की व्यवस्थाओं को परखा। उन्होंने पानी की उपलब्धता, भूसा गोदाम और हरे चारे के भंडारण के लिए बनाई जा रही व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि निराश्रित पशुओं को किसी भी हाल में भोजन–पानी की समस्या नहीं होनी चाहिए। 15 दिन का अल्टीमेटम और गुणवत्ता पर जोर डीएम ने निर्माण कार्य की कछुआ चाल और गुणवत्ता को लेकर अधिकारियों को कड़े निर्देश दिएरू हैंडओवर की समयसीमारू निर्माण कार्य पूरा होते ही 15 दिनों के भीतर इसे मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को सौंपने का आदेश दिया गया है। शून्य समझौतारू टीन शेड की मजबूती और अन्य निर्माण कार्यों में उच्च गुणवत्ता बनाए रखने की हिदायत दी। उन्होंने साफ किया कि मानक में कमी मिलने पर संबंधित के विरुद्ध सख्त कार्रवाई होगी। सड़क निर्माण के लिए ठक्क को तत्काल निर्देश गौशाला तक पहुँचने वाले मार्ग की बदहाली को देखते हुए जिलाधिकारी ने खंड विकास अधिकारी धर्मेंद्र कुमार को मौके पर ही निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र पंचायत के माध्यम से अविलंब सड़क का निर्माण शुरू कराया जाए ताकि भविष्य में आवागमन और चारे की ढुलाई में कोई बाधा न आए। मौके पर मौजूद रहे आलाधिकारी निरीक्षण के समय जिलाधिकारी के साथ मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. एम.पी. सिंह, खंड विकास अधिकारी धर्मेंद्र कुमार सहित अन्य विभागीय अभियंता और अधिकारी मौजूद रहे। डीएम ने परियोजना की कुल लागत और अब तक हुए खर्च का ब्योरा भी तलब किया।

फतेहपुर के डा. जमाल चश्में वालों की मशहूर दुकान

**फैसल चश्में वाले**

(साइन्टिफिक आप्टीशियन)

किशनपुर रोड, चौड़ा खेर गली के अन्दर, शिब्बू मोबाइल के बगल में, मस्जिद के नीचे पहुंच गई है।

(जापानी कम्प्यूटर द्वारा आंखों की जाँच)

हमारे यहाँ पर आखों की जाँच करके नज़र व धूप के चश्में बनायें जाते है।
नोट- सरदर्द, आँखों में दर्द, मोतिया बिन्द, समलबाई, धुन्ध, आपरेशन आँख दूर व पास के अक्षर साफ न दिखाई देने पर साइन्टिफिक आप्टीशियन द्वारा आँखों की जाँच करके नज़र व धूप के चश्में बनाये जाते है व साफट कान्टेक्ट लेन्स लगायें जाते है एवं कान की मशीन भी उपलब्ध है।
नोट- मोतिया बिन्द के आपरेशन व आँखों के अन्य आपरेशनों के साथ-साथ लैसिक द्वारा चश्मा हटवाने के लिए सम्पर्क करें। आँख के अन्दर (I.O.L.) लेन्स लगवाने के 21 दिन बाद अवश्य चश्मा लगवा लें वरना रोशनी कम होने का खतरा बना रहता है।

**फैसल चश्में वाले**

किशनपुर रोड, चौड़ाखेर गली के अन्दर, शिब्बू मोबाइल के बगल में, मस्जिद के नीचे, खागा-फतेहपुर

| डा. जमाल अहमद | हाजी ख़लीक़ अहमद जाफरी | एफ.ए.जाफरी |
|---|---|---|
| जी.टी. रोड, फतेहपुर | सम्पादक कारवाने हक | D.R. (Opt.) |
| MBBS. (H) P.M.P | 9415065213 | 7379440876 |

# नेपाल के संसदीय चुनाव को लेकर भारत-नेपाल सीमा पर हाई अलर्ट

न्यूज वाणी ब्यूरो

रूपईडीहा, बहराइच। पड़ोसी मित्र राष्ट्र नेपाल में प्रस्तावित संसदीय चुनाव को लेकर भारत–नेपाल अंतरराष्ट्रीय सीमा पर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। सीमावर्ती क्षेत्र रूपईडीहा में तैनात सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) द्वारा लगातार सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। सशस्त्र सीमा बल की 42वीं वाहिनी के कमांडेंट गंगा सिंह उदावत ने बताया कि नेपाल में हो रहे चुनाव के मद्देनजर सीमा पर हाई अलर्ट जारी किया गया है। सीमा से होकर आने–जाने वाले सभी व्यक्तियों की गहन जांच की जा रही है। संदिग्ध गतिविधियों पर विशेष नजर रखी जा रही है तथा वाहनों की भी सघन तलाशी ली जा रही है। उन्होंने कहा कि एसएसबी की प्राथमिकता है कि कोई भी अवांछनीय तत्व भारत से नेपाल या नेपाल से भारत में प्रवेश न कर सके। इसके लिए सीमावर्ती क्षेत्रों में अतिरिक्त सतर्कता बरती जा रही है तथा जवानों को विशेष निर्देश दिए गए हैं। सीमा पर सुरक्षा एजेंसियां आपसी समन्वय के साथ मुस्तैदी से डटी हुई हैं, ताकि चुनाव के दौरान किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके।इसी के साथ सीमा पर संयुक्त गस्त भी किया जा रहा है।

# होली व रमजान को लेकर पीस कमेटी की बैठक, शांति बनाए रखने की अपील

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच ।बाबागंज आगामी होली एवं रमजान पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से थाना क्षेत्र के चौकी बाबागंज व रूपईडीहा में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक थाना अध्यक्ष की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में प्रभारी निरीक्षक रामेश कुमार रावत, ब्लॉक प्रमुख जेपी सिंह, चौकी इंचार्ज शिवेस कुमार शुक्ला, ग्राम प्रधानगण, धर्मगुरु एवं क्षेत्र के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। चौकी इंचार्ज शिवेस कुमार शुक्ला ने कहा कि त्योहार हमारी सांस्‍तिक विरासत के प्रतीक हैं और इन्हें आपसी भाईचारे, सौहार्द व कानून–व्यवस्था के दायरे में रहकर मनाया जाना चाहिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार की अफवाह, भड़काऊ संदेश या असामाजिक तत्वों की गतिविधियों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ऐसे मामलों में सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन की ओर से संवेदनशील स्थलों पर विशेष निगरानी रखने तथा पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की बात कही गई। थाना अध्यक्ष ने नागरिकों से अपील की कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि या सूचना की जानकारी तत्काल पुलिस को दें। साथ ही सोशल मीडिया पर प्रसारित अप्रमाणित सूचनाओं पर ध्यान न देने की सलाह दी गई। बैठक में उपस्थित ग्राम प्रधानों एवं धर्मगुरुओं ने प्रशासन को पूर्ण सहयोग का आश्वासन देते हुए क्षेत्र में शांति एवं सौहार्द बनाए रखने का संकल्प दोहराया। अंत में समाजसेवी शिवपूजन सिंह ने परंपरागत तरीके से त्योहार मनाने तथा कोई नई परंपरा शुरू न करने की अपील की। तहसील प्रशासन ने आगामी पर्वों को लेकर पूर्ण सतर्कता और प्रतिबद्धता जताई है।

# पीएम उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों के खातों में भेजी गई सिलेण्डर रिफिल की धनराशि

## –होली के शुभ अवसर पर लाभार्थियों को मिली 02–02 रिफिल की सौगात

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच 28 फरवरी। प्रदेश सरकार द्वारा प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना लाभार्थियों को निःशुल्क एल.पी.जी. सिलेण्डर रिफिल दिये जाने के निर्णय के क्रम में लोकभवन सभागार, लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम के दौरान प्रदेश के मा. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी द्वारा होली पर्व के अवसर पर प्रदेश के 1.86 करोड़ उज्ज्वला परिवारों के खातों में धनराशि रू. 1500 करोड़ का हस्तान्तरण किया गया। जिसमें जनपद के 436726 लाभार्थी सम्मिलित हैं। कलेक्ट्रेट स्थित धरना प्रदर्शन स्थल पर मा. मुख्यमंत्री जी के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण किया गया। धरना प्रदर्शन स्थल पर आयोजित कार्यक्रम में मा. मुख्यमंत्री जी के कार्यक्रम के सजीव प्रसारण के उपरान्त विधायक नानपारा राम निवास वर्मा ने सदर विधायक श्रीमती अनुपमा जायसवाल के प्रतिनिधि अशोक जायसवाल के साथ लाभार्थियों को प्रतिकात्मक रूप से डैमो चेक का वितरण किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए विधायक नानपारा व सदर विधायक के प्रतिनिधि ने सभी लाभार्थियों को होली पर्व की बधाई देते हुए प्रदेश के प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों होली के अवसर पर गैस सिलेण्डर रिफलिंग की निःशुल्क सौगात देने पर देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी व प्रदेश के मा. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के प्रति आभार ज्ञापित किया। इस अवसर जिला पूर्ति अधिकारी नरेन्द्र तिवारी सहित अन्य सम्बन्धित लोग तथा बड़ी संख्या में लाभार्थी मौजूद रहे।

# थाना समाधान दिवस में पुलिस व राजस्व विभाग की संयुक्तटीम ने सुनीं जनता की शिकायतें

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। जनशिकायतों के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण हेतु मा0 मुख्यमंत्री उ0प्र0 शासन श्री योगी आदित्यनाथ द्वारा दिये आदेशों के क्रम में आज दिनांक 28.02.2026 को जनपद के समस्त थानों में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया जिसमें पुलिस व राजस्व विभाग के अधिकारियों की संयुक्त टीम द्वारा समस्त थानों में जनता की शिकायतें सुन उनका निस्तारण किया गया । थाना समाधान दिवस पर सहायक पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी नगर सुश्री मेविस टॉक द्वारा थाना कोतवाली नगर, क्षेत्राधिकारी अतर्रा श्री प्रवीण कुमार द्वारा थाना बदौसा में जनता की शिकायतों को सुन उनके निस्तारण हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया । इसी क्रम में जनपद के समस्त थानों पर पुलिस व राजस्व विभाग की संयुक्त टीम द्वारा जनसुनवाई की गयी तथा जनता की शिकायतों/समस्याओं को सुन उनका निस्तारण किया गया । थाना समाधान दिवस पर जनपद में कुल 48 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें 11 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया जबकि शेष शिकायतों के त्वरित निस्तारण हेतु टीम का गठन किया गया है ।




# आस्ताना मासूमिया जमा मस्जिद में तरावीह के दौरान कुरान हुआ मुकम्मल

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच । रमजान का पहला अशरा (10 दिन) आते–आते लगभग सभी मस्जिदों में तरावीह के दौरान कुरान पूरा होने का सिलसिला जारी है, रमजान का चांद निकलते ही उसी रात से तरावीह (विशेष नमाज) शुरू होती है। अल्लाह की मुकद्दस किताब कुरआन शरीफ रमजान में नाजिल हुआ ईशा की नमाज के बाद 20 रकआत तरावीह की नमाज अदा होती है। जिसे रमजान में अदा की जाती है। पूरे रमजान चलने वाली तरावीह में हाफिज पूरा कुरआन शरीफ सुनाते हैं, उसी क्रम में ग्राम पंचायत कलवारी दुर्गापुर सुजौली बाबागंज के पास बाबा मासूम अली शाह वारसी की जामा मस्जिद मासूमियत में 10वी तरावीह के दौरान कुरान मुकम्मल हो गया, यहाँ भारी संख्या में लोगों ने तरावीह की नमाज अदा की, कमेटी के मैनेजर बाबा गुलाम हैदर, उर्फ पप्पू भैया सदर मोबीन खान, मीडिया प्रभारी नईम खान, निजामुद्दीन ,प्रधान इरशाद अली, नूर अली, महबूब अली, ने सभी को रमजान की मुबारकबाद पेश की व सभी से अपील कर कहा की रोजेदारों को इतार कराएं, कुरान पाक की तिलावत करें, पूरा महीना इबादत में गुजारे, गुनाह से दूर रहें, जरूरतमंदों की व एक–दूसरे की भरपूर मदद करें, रोजा रखने का मतलब सिर्फ भूखा रहना नहीं होता है। ये हाथ–पैर, आंख आदि सभी अंगों का भी रोजा होता है। जो लोग किसी वजह से रोजा नहीं रख पाते, वे रोजेदारों का एहतिराम करें, देश और समाज में अमन–मोहब्बत की दुआ करें। साथ ही हाफिज अहमद हुसैन साहब को तोहफे/नजराना देकर हौसला अफजाई किया गया, तरावीह के बाद सामूहिक दुआ हुई, यहां हाफिज अहमद हुसैन ने इमामत करते हुऐ कुरान सुनाया, इस मुबारक मौके पर मैनेजर बाबा गुलाम हैदर साहब ने जकात के मसले पर अपने जोर देते हुए कहा जो मालीके निसाब हो सभी को इमानदारी से पाई–पाई जकात निकालनी है, जकात पहले अपने परिवार में फिर उन गरीब परिवार को दी जानी चाहिय जो इसका जादा जरूरतमंद हो, इस दौरान मस्जिद के सभी मेंबरान मौजूद रहे। चांद रात से ही मुस्लिम बहुल इलाकों के बाजारों में देर रात तक चहल–पहल और रौनक चल रही है। रोजाना लोग सहरी और इतार के सामान की खरीदारी कर रहें हैं, पैगंबर–ए–इस्लाम ने रमजान के तीस दिनों को तीन अशरों में बांट कर अहमियत बताई है। पहले 10 दिन का अशरा रहमतों का होता है। दूसरा अशरा गुनाहों से माफी और तीसरा जहन्नम से निजात का है।





# टप्पेबाजी की घटना को पुलिस ने किया उजागर, टप्पेबाज पति,पत्नी गिरफ्तार,पन्द्रह हजार रुपए बरामद

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। थाना अतर्रा पुलिस द्वारा अन्तर्राज्यीय चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए अभियुक्त पति–पत्नी को गिरतार कर लिया गया है । गौरतलब हो कि दिनांक 28.02.2026 को थाना अतर्रा क्षेत्र के रहने वाले जगप्रसाद त्रिवेदी द्वारा सूचना दी गई कि दिनांक 25.02.2026 को कस्बा अतर्रा में ई–रिक्शें में उसके साथ 15000 रुपए चोरी/टप्पेबाजी की घटना हुई है । सूचना पर तत्काल अभियोग पंजी.त करते हुए अभियुक्तों की गिरतारी हेतु टीमों का गठन किया गया । इसी क्रम में सूचना के 12 घण्टे के अन्दर थाना अतर्रा पुलिस द्वारा सीसीटीवी फुटेज व मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त पति–पत्नी को बांदा रोड़ नहर पुलिया कस्बा अतर्रा से गिरतार कर लिया । पुलिस द्वारा गिरतार अभियुक्तों से कड़ाई से पूछताछ करने पर अपना जुर्म स्वीकार करते हुए बताया कि उनके द्वारा आस–पास के जनपदों मे भीड़–भाड़ वाले इलाकों में चोरी/टप्पेबाजी की घटनाओं को अंजाम दिया जाता है । इस संबंध में गहनता से जांच की जा रही है कि इनके गिरोह में और कितने लोग सम्मलित हैं तथा इनके आपराधिक इतिहास की जानकारी जा रही है । अभियुक्तों के कब्जे से चोरी के पन्द्रह हजार रुपए बरामद हुए हैं । पकड़े गए अभियुक्त– बाकरअली पुत्र मुन्शी निवासी सरवई थाना सरवई जनपद छतरपुर(म0प्र0)) ।व नजमा पत्नी बाकर अली निवासिनी सरवई थाना सरवई जनपद छतरपुर(म0प्र0)) ।के विरुद्ध मु0अ0सं0– 88/26 धारा 303(2) बीएनएस थाना अतर्रा जनपद बांदा । बढोत्तरी धारा 317(2) बीएनएस थाना अतर्रा जनपद बांदा में अभियोग दर्ज किया गया है पकड़ने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष अतर्रा श्री संजीव चौबे उ0नि0 श्री सुरेन्द्र प्रताप म0उ0नि0 पूजा रायकवार कां0 पंकज द्विवेदी कां0 राजीत यादव शामिल रहे।




# कोलावल रायपुर खदान में हुई हत्या का खुलासा, हत्यारोपी गिरफ्तार, तमंचा कारतूस बरामद

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। थाना गिरवां पुलिस व एसओजी की संयुक्त टीम द्वारा दिनांक 24/25.02.2026 की रात्रि को कोलावल रायपुर खदान गिरवां में व्यक्ति की गोली मारकर हत्या करने वाले अभियुक्त को पकड़ लिया है। अभियुक्त के कब्जे से घटना में प्रयुक्त अवैध तमंचा व कारतूस बरामद किया गया है । गौरतलब है कि दिनांक 25.02.2026 को जनपद महोबा के थाना खन्ना क्षेत्र निवासी मृतक के परिजनों द्वारा थाना गिरवां पर तहरीर देकर सूचना दी गई थी कि उसके पुत्र की हत्या कर दी गई है। सूचना पर प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना गिरवां पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजी.त कर अभियुक्त की तलाश की जा रही थी। इसी क्रम में थाना गिरवां व एसओजी की संयुक्त टीम द्वारा तकनीकी साक्ष्यों,भौतिक सत्यापन व मुखबिर की सूचना पर आज दिनांक 28.02.2026 अभियुक्त को स्योढा पुल थाना गिरवां से गिरतार कर लिया गया । पूछताछ में अभियुक्त द्वारा अपना जुर्म स्वीकार करते हुये बताया कि पूर्व में हुई एक दुर्घटना को लेकर उसकी मृतक के मध्य पुरानी रंजिश चली आ रही थी । उसी रंजिश के चलते उक्त घटना को योजनाबद्ध तरीके से अंजाम दिया। अभियुक्त की निशाहदेही पर घटना में प्रयुक्त अवैध तमंचा, खोखा व जिंदा कारतूस बरामद किया गया है। पकड़े गए अभियुक्तमोहित पुत्र नवल किशोर निवासी ग्राम टीहर थाना बिवार जनपद हमीरपुर के विरुद्ध मु0अ0सं0 69/26 धारा 103(1) बीएनएस व बढोत्तरी धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना गिरवां जनपद बांदा में अभियोग दर्ज किया गया है पकड़ने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक गिरवां श्री सुरेश कुमार सैनी प्रभारी एसओजी श्री आनन्द कुमार उप निरीक्षक श्री सतीशचन्द्र उप निरीक्षक श्री दिलीप कुमार हे0कां0 गोकुलेश मिश्रा हे0कां0 अश्विनी प्रताप सिंह हे0कां0 संदीप कुमार हे0कां आशीष शर्मा कां0 गजेन्द्र राजपूत कां0 प्रतीक कुमार कां0 अमित त्रिपाठी कां0 मनीष कुमार कां0 कमल सिंह शामिल रहे।




# कांग्रेसी नेता गजेन्द्र त्रिपाठी जी की मनाई प्रथम पुण्यतिथि

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। महुआ ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत घोरोड़ा में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता स्वर्गीय श्री गजेंद्र त्रिपाठी जी की प्रथम पुण्यतिथि बाल शिक्षा सदन में कांग्रेस जिला अध्यक्ष राजेश दीक्षित की अध्यक्षता में उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए मनाई गई इस अवसर पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष राजेश दीक्षित जी ने बतलाया गजेंद्र त्रिपाठी अत्यंत ही सादा और सरल जीवन व्यतीत करने वाले कांग्रेस परिवार के सच्चे सिपाही थे कांग्रेस की नीतियों को सदा अपनाया और प्रचार प्रसार किया गया उनके द्वारा समय–समय पर महुआ ब्लॉक के ग्राम पंचायतों में सभाएं आयोजित कर कांग्रेस द्वारा किए गए कार्यों का प्रचार प्रसार किया जाता रहा आज वह हमारे बीच नहीं है हम उनके कांग्रेस के प्रति निष्ठा और समर्पण की भावना को नमन करते हैं कांग्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं प्रभारी संगठन संकटा प्रसाद त्रिपाठी ने बतलाया की गजेंद्र त्रिपाठी अत्यंत ही मृदु भाषी व्यक्तित्व के धनी थे कांग्रेस परिवार के अभिन्न अंग थे उनके द्वारा किए गए कार्यों का मूल्यांकन कभी नहीं किया जा सकता आज वह हमारे बीच नहीं है फिर भी हम उनसे प्रेरणा प्राप्त कर सदैव कांग्रेस की नीतियों और कार्यों का प्रचार प्रसार करते रहेंगे यही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी इस अवसर पर उनकी याद में ब्रक्षा रोपड़ भी किया गया कार्यक्रम में अभिषेक बाजपेई ,रामकिशोर द्विवेदी, शिवकुमार तिवारी, बाबूलाल गुप्ता पूर्व प्रधान सजीवन रवि शंकर द्विवेदी ,केशव त्रिपाठी, वीरेंद्र, मेवालाल सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे। इस कार्यक्रम के संयोजक विवेक त्रिपाठी जी ने सभी का आभार व्यक्त किया।



# उद्यान विभाग प्रांगण में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत विशेष सब्सिडी वितरण कार्यक्रम का भव्य आयोजन

न्यूज वाणी ब्यूरो

फिरोजाबाद । जनपद के उद्यान विभाग प्रांगण में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत विशेष सब्सिडी वितरण कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया, इस कार्यक्रम के दौरान माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा प्रदेश के 1.36 करोड़ परिवारों को दी जा रही 1500 करोड़ की धनराशि सब्सिडी कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा गया, इसी क्रम में जनपद फिरोजाबाद में भी अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व विशु राजा की अध्यक्षता में 20 चयनित लाभार्थियों को सांकेतिक रूप से सब्सिडी लाभ एवं स्वी.त पत्र प्रदान किया गया, विदित है कि फिरोजाबाद जनपद में कुल 2 लाख 32 हजार 323 उज्ज्वला लाभार्थी है, वर्तमान में कुल 50,000 लाभार्थियों ने सब्सिडी प्राप्त करने हेतु अपना सफल पंजीकरण कराया है, अपर जिलाधिकारी ने उपस्थित लाभार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार की इस पहल का मुख्य उद्देश्य गरीब परिवारों की महिलाओं को धुएं से मुक्ति दिलाना और उनके स्वास्थ्य की रक्षा करना है, उन्होंने शेष लाभार्थियों से भी जल्द से जल्द पंजीकरण प्रक्रिया पूर्ण करने की अपील की है, ताकि सब्सिडी की धनराशि सीधे उनके बैंक खाते में भेजी जा सके, इस अवसर पर जिला पूर्ति अधिकारी स्वीटी सेठ और उज्ज्वला योजना की लाभार्थी महिलाएं बड़ी संख्या में उपस्थिति रही।



# सेवानिवृत हुए कर्मियों स्मृति चिन्ह भेंट कर दी विदाई

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। आज दिनांक 28.02.2026 को अधिवर्षता की आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त होने वाले 03 उपनिरीक्षक व 01 मुख्य आरक्षी को सहायक पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी नगर सुश्री मेविस टॉक द्वारा पुलिस विभाग में उनके दीर्घकालिक सेवा योगदान की सराहना करते हुए उन्हें स्वस्थ, सम्मानजनक एवं दीर्घायु जीवन की शुभकामनाएं दी गईं, साथ ही उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया । गौरतलब हो कि जनपद के 03 उपनिरीक्षक व 01 मुख्य आरक्षी चालक अधिवर्षता की आयु पूर्ण कर आज सेवानिवृत्त हो गए इनमें 1– उ0नि0 श्री तौकीर अहमद, 2– उ0नि0 श्री सत्यवीर सिंह 3 उ0नि0 श्री संगम लाल अपाध्याय 4– मु0आ0 श्री कमलेश सिंह शामिल हैं । सम्मान समारोह के दौरान प्रतिसार निरीक्षक बांदा श्री बेलास यादव सहित सेवानिवृत्त कर्मियों के परिवारीजन आदि उपस्थित रहे।



# थाना दिवस में 7 शिकायतें आई, 2 का मौके पर निस्तारण

न्यूज वाणी ब्यूरो

गाजीपुर 28 फरवरी, 2026 (सू0वि0)– आज शनिवार को थाना दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी अविनाश कुमार की अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक डा0 ईरज राजा की उपस्थिति में थाना जंगीपुर में उपस्थित फरियादियों की फरियाद सुना गया साथ ही शिकायतो को जल्द से जल्द निस्तारण के लिए प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया। थाना दिवस पर थाना जंगीपुर मे 07 फरियादियों ने अपनी–अपनी शिकायतो को लिखित रूप में दिया जिसमें मौके 02 का निस्तारण किया गया। अधिकारी द्वय द्वारा शिकायतो के निस्तारण हेतु सम्बन्धित अधिकारी को निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने आवदनो के निस्तारण हेतु कहा कि जो भी शिकायत आती है उसे राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम वहां मौके पर जाकर निस्तारण करेंगे। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही एवं शिथिलता क्षम्य नही होगी। इस मौके पर थाना प्रभारी जंगीपुर अन्य पुलिस विभाग से सम्बन्धित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।



# जिलाधिकारी इटावा शुभ्रांत कुमार शुक्ला ने होली के अवसर पर निशुल्क बाटे सब्सिडी सिलेंडर

## –मुख्यतिथि सरिता भदौरिया के विधायक प्रतिनिधि सचिन यादव रहे मौजूद

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। कचहरी परिसर इटावा में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का लाइव प्रसारण दिखाकर इटावा के जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ला ने कचहरी परिसर में महिला सशक्तिकरण उज्ज्वला योजना होली के अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार द्वारा चलाई जा रही प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को मुत गैस सिलेंडर रिफिल देकर और सब्सिडी की चेक देकर महिलाओं को सम्मानित किया । इस अवसर पर मुख्य अतिथि सदर विधायक सरिता भदौरिया के विधायक प्रतिनिधि एवं जिला पंचायत सदस्य इटावा सचिन यादव ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार ने इस होली के अवसर पर उपहार के रूप में करीब 1500 सौ करोड़ राशि जारी की है। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार लगभग 1.86 करोड़ उज्ज्वला योजना लाभार्थियों के लिए सीधे बैंक खाते में ट्रान्सफर कर रही है। इस अवसर पर जिलाधिकारी विधायक प्रतिनिधि के द्वारा कई लाभार्थियों को सब्सिडी चेक और सिलेंडर छपी फोटो वितरण की गई। इस दौरान खाद विभाग अधिकारी भी मौजूद रहे।



# विश्व मानव दुर्व्यापार विरोधी अभियान के अंतर्गत शहर में चलाया अभियान 'ऑपरेशन खोज'

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। आज दिनांक 28.02.2026 को पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल के निर्देशन में थाना ।भ्ज्न्ए श्रच्ए चाइल्ड हेल्पलाइन बांदा, साथी यू0पी0 संस्था एवं ग्रामीण परंपरा विकास संस्थान बांदा की संयुक्त टीम द्वारा कोतवाली नगर क्षेत्र मे स्थित आश्रय गृह की चौकिंग की गई । चेकिंग के दौरान कमरे, आगुंतक रजिस्टर आदि को देखा गया तत्पश्चात होटल, दुकानों एवं मेला ग्राउंड पर संचालित जैमिनी सर्कस आदि की चेकिंग की गई । चेकिंग के दौरान लोगों को मानव तस्करी, बाल श्रम/बाल भिक्षावृत्ति, बच्चा चोरी, तथा सरकारी हेल्पलाइन नंबर 112, 1098, 1090 आदि के संबंध में जागरूक किया गया । लोगों को पंपलेट के माध्यम से बाल विवाह न करने एवं गांव/मोहल्ले में यदि कोई बाल विवाह हो रहा हो तो इसकी सूचना सरकारी हेल्पलाइन नंबर अथवा नजदीकी पुलिस स्टेशन पर सूचित करने की सलाह दी। दुकानदारों एवं आम जनमानस को बच्चों (18 वर्ष से कम आयु) से बाल श्रम न कराने हेतु जागरूक किया गया एवं हिदायत दी गई कि यदि कोई व्यक्ति/दुकानदार बच्चों से बाल श्रम करते हुए पाया गया तो उपरोक्त व्यक्ति/दुकानदार के विरुद्ध नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही की जाएगी । अभियान के दौरान थाना ।भ्ज्न् प्रभारी निरीक्षक श्री अनिल कुमार, उ0नि0 श्री अनिल कुमार उपाध्याय, आरक्षी प्रशांत यादव, शाखा श्रच्ए प्रभारी निरीक्षक श्री अखिलेश प्रताप सिंह चाइल्ड हेल्पलाइन बांदा से शिवसम्पत यादव, ग्रामीण परंपरा विकास संस्थान से शिवम यादव, स्वावलंबन समिति संस्था से ममता देवी एवं साथी यूपी. संस्था से प्रमोद तिवारी, रेखा देवी आदि मौजूद रहे ।




# लखनऊ जाते समय सुल्तानपुर के जिला जज लक्ष्मीकांत शुक्ल का एलआरपी गेस्ट हाउस में स्वागत

न्यूज वाणी ब्यूरो सुल्तानपुर। लक्ष्मीकांत शुक्ल (पूर्व जनपद न्यायाधीश, लखीमपुर) शनिवार को लखनऊ जाते समय एलआरपी गेस्ट हाउस में अपने परिचित अधिवक्ताओं से मुलाकात की। इस दौरान अधिवक्ता संघ के पूर्व अध्यक्ष व फौजदारी के वरिष्ठ अधिवक्ता अवधेश कुमार सिंह, वरिष्ठ अधिवक्ता मो. सईद खान एवं अधिवक्ता नीरज वर्मा ने उनका जोरदार स्वागत किया। मुलाकात के दौरान जिला जज लक्ष्मीकांत शुक्ल ने जिले में अपने कार्यकाल और अधिवक्ताओं के सहयोग की सराहना की। उन्होंने वरिष्ठ अधिवक्ता अवधेश कुमार सिंह से विस्तार से वार्ता की तथा सिविल कोर्ट के कर्मचारियों से भी हालचाल पूछा। इस अवसर पर जज साहब की धर्मपत्नी भी मौजूद रहीं। पूरी मुलाकात सौहार्दपूर्ण और महत्वपूर्ण रही।



# खीरी पुलिस की बड़ी कार्रवाईरू 01 किलो 250 ग्राम गांजे के साथ शातिर तस्कर गिरफ्तार

## –हिस्ट्रीशीटर निकला आरोपी, एनडीपीएस और आर्म्स एक्ट समेत दर्जनों मुकदमे हैं दर्ज

न्यूज वाणी ब्यूरो

खीरी । जनपद में अपराधियों और मादक पदार्थों के सौदागरों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान में खीरी पुलिस को आज एक बड़ी सफलता हाथ




लगी है। पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन और क्षेत्राधिकारी सदर के पर्यवेक्षण में थाना खीरी पुलिस ने मुखबिर की सटीक सूचना पर घेराबंदी कर एक शातिर अभियुक्त को अवैध गांजे के साथ रंगे हाथों गिरतार किया है। घेराबंदी कर दबोचा गया तस्कर जानकारी के अनुसार, थाना खीरी पुलिस टीम क्षेत्र में गश्त पर थी, तभी मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति भारी मात्रा में अवैध मादक पदार्थ लेकर जा रहा है। तत्परता दिखाते हुए उप निरीक्षक सत्येन्द्र कुमार वर्मा और संजय कुमार यादव की टीम ने टीम के साथ घेराबंदी की और अभियुक्त शैलेन्द्र गुप्ता पुत्र ओमप्रकाश गुप्ता (निवासी ग्राम सैधरी, कोतवाली सदर) को हिरासत में ले लिया। जामा तलाशी के दौरान अभियुक्त के पास से 01 किलो 250 ग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ। पुराना अपराधी है शैलेन्द्र, पुलिस के लिए था सिरदर्द पकड़ा गया अभियुक्त कोई नौसिखिया नहीं, बल्कि पुलिस रिकॉर्ड में एक शातिर अपराधी है। पुलिस द्वारा खंगाले गए रिकॉर्ड के अनुसार, शैलेन्द्र गुप्ता पर पहले से ही संगीन धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं–

NDPS Act: इससे पहले भी तीन बार गांजा तस्करी में जेल जा चुका है (मु.अ.सं. 170/20, 640/22 और ताजा मामला 0144/26)।

A&Act: अवैध असलहा रखने का भी मामला (मु.अ.सं. 1205/20) दर्ज है।

' गंभीर मारपीटरू एससीध्एसटी एक्ट और मारपीट की धाराओं (मु.अ.सं. 313/21) में भी नामजद रहा है।

पुलिस टीम की सराहना सफलतापूर्वक गिरतारी करने वाली टीम में मुख्य रूप से हे.का. विक्रम कुमार, जयप्रकाश वर्मा, और कांस्टेबल गौरव कुमार, गंगादीन व अंकित सिंह शामिल रहे। थाना खीरी में अभियुक्त के विरुद्ध मु.अ.सं. 0144/26 धारा 8/20 छक्च्ै ।बज के तहत मामला पंजी.त कर उसे जेल भेज दिया गया है

> थाना प्रभारी निराला तिवारी ने बताया अपराध की कमर तोड़ने के लिए खीरी थाना पुलिस लगातार ऐसे चिन्हित अपराधियों पर पैनी नजर रखे हुए है। अवैध नशे के कारोबार को जड़ से मिटाना हमारी प्राथमिकता है

# देवल में सड़क हादसारू किसान की मौत, पत्नी गंभीरय कर्मनाशा मार्ग पर जाम

न्यूज वाणी ब्यूरो

सेवराई। गहमर कोतवाली क्षेत्र के देवल गांव के समीप शुक्रवार की शाम एक दर्दनाक सड़क हादसे में 60 वर्षीय किसान की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनकी पत्नी गंभीर रूप से घायल हो



गईं। घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने बिहार प्रांत को जोड़ने वाले कर्मनाशा मार्ग पर शव रखकर जाम लगा दिया। मृतक की पहचान सेवराई तहसील अंतर्गत देवल गांव निवासी राम प्रसाद चौधरी उर्फ नागा चौधरी (60 वर्ष) के रूप में हुई है। बताया जाता है कि राम प्रसाद चौधरी अपनी पत्नी के साथ खेत से घर लौट रहे थे। इसी दौरान बिहार की ओर जा रही एक तेज रतार पिकअप अनियंत्रित होकर दंपति को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में राम प्रसाद चौधरी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनकी पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गईं। उन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे की आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और परिजनों व पुलिस को सूचना दी। नागा चौधरी की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क पर शव रखकर जाम लगा दिया, जिससे दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। सूचना मिलते ही कोतवाली प्रभारी प्रमोद कुमार सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया। हालांकि ग्रामीण आरोपी पिकअप चालक की गिरतारी और पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा दिए जाने की मांग पर अड़े रहे। बाद में मौके पर पहुंचे तहसीलदार सुनील कुमार सिंह के आश्वासन के बाद ग्रामीण शांत हुए और आवागमन बहाल कराया जा सका। इस संबंध में गहमर कोतवाल प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि पिकअप वाहन को कब्जे में ले लिया गया है और मामले में आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।


## उत्तर मध्य रेलवे

**ई-निविदा सूचना सं. ई टी मेमू-08-विद्युत/कोचिंग-प्रया0/2025-26 दिनांक : 26.02.2026**

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मण्डल विद्युत अभियन्ता (कोचिंग) उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज निम्नलिखित कार्य के लिए निर्धारित फार्म पर E-Tender दि0 23.03.2026 समय 15:00 बजे तक आमन्त्रित करते है। निविदा के सम्बन्ध में मुख्य सूचनायें निम्नवत् है-

| | |
|---|---|
| **निविदा सं0 : ETMEMU-08** | **कार्य की लागत (रू0 में) Rs. 30,00,256.20** |
| **कार्य का नाम :** मेमू कार शेड, कानपुर में जल पुनर्चक्रण संयंत्र (Water Recycling Plant-WRP) का 03 वर्ष की अवधि हेतु संचालन एवं अनुरक्षण का कार्य। | |
| **धरोहर राशि (रू0 में) : Rs. 60,00,00** | **समयावधि : 36 Months** |
| **टेन्डर फार्म की कीमत (रू0 में) : NIL** | **निविदा खुलने की तिथि : 23.03.2026** |
| **निविदा का प्रकार : Works (Open Tender) under Revenue allocation** | |

**नोट :-** 1. उपरोक्त ई-निविदा का पूर्ण विवरण (निविदा प्रपत्र सहित) वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर **समय 15:00 बजे** टेण्डर खुलने की तिथि तक उपलब्ध है। 2. उपरोक्त निविदा में ई-बिड के अलावा किसी अन्य रूप से बिड स्वीकार नहीं की जायेगी। इस प्रयोजन हेतु वेन्डरों को चाहिए कि वे अपने आपको **I.T. Act-2000** के अन्तर्गत **CCA** द्वारा जारी **Digital** हस्ताक्षर प्रमाण पत्र के साथ **IREPS** की वेबसाइट पर पंजीकृत करायें । 3. निविदा की दरें केवल डिजिटल हस्ताक्षरित फाइनेंसियल रेट पेज पर ही विचारणीय है। दरे तथा अन्य वित्तीय प्रभार अन्य किसी भी फार्म/लेटर हेड पर यदि संलग्न है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा तथा सीधी तौर पर अमान्य कर दिया जायेगा। 4. संलग्न किये जाने सभी प्रपत्र निविदाकर्ता द्वारा हस्ताक्षरित होने चाहिये । 5. निविदा सूचना को निम्नलिखित वेबसाइट पर भी देखा जा सकता है-**www.ncr.indianrailways.gov.in** 6. किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या के समाधान के लिए **IREPS** की वेबसाइट की हेल्प लाइन से सम्पर्क किया जा सकता है। 7. ईएमडी का भुगतान केवल ऑनलाइन कई बैंक की नेट, डेबिट और क्रेडिट कार्ड के माध्यम से किया जाना चाहिए। **455/26 (C)**

North central railways | www.ncr.indianrailways.gov.in | @CPRONCR


# संगठित ठगी गिरोह का पर्दाफाश, शातिर अभियुक्त गिरफ्तार

## -बैंक लोन व नौकरी के नाम पर लाखों की ठगी, लैपटॉप, मोबाइल बरामद

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन, अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन कानपुर एवं पुलिस उपमहानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र कानपुर के पर्यवेक्षण में थाना सिविल लाइंस पुलिस टीम द्वारा बड़ी कार्यवाही करते हुए बैंक लोन, नौकरी तथा भवन, मकान को बैंक शाखा हेतु किराये पर उठवाने के नाम पर ठगी करने वाले संगठित गिरोह का पर्दाफाश किया गया, अंतरजनपदीय शातिर अभियुक्त आशीष कुमार पुत्र बेचेलाल निवासी कचौरा रोड थाना सिविल लाइंस जनपद इटावा को गिरतार किया गया, कब्जे से एक लैपटॉप, एक एंड्रॉयड मोबाइल, एक जोड़ी चांदी की पायल तथा 2,000 रुपये नकद बरामद किए गए। दिनांक 27.02.2026 को वादी दीपक शर्मा पुत्र अजय शंकर शर्मा निवासी नौरंगाबाद थाना कोतवाली जनपद इटावा द्वारा थाना सिविल लाइंस में तहरीर दी गई कि अभियुक्त आशीष ने बैंक में अच्छी पकड़ बताकर 5 लाख रुपये का लोन दिलाने का झांसा दिया, खर्च व



रिश्वत के नाम पर कुल 1,01,755 रुपये ऑनलाइन व नकद ठग लिए, लोन न मिलने पर रुपये वापस मांगने पर जान से मारने की धमकी दी, इस संबंध में मु0अ0सं0 23ध्2026 धारा 316(2), 318(4), 319(2), 336(3), 338, 340(2), 351(3), 352 बीएनएस थाना सिविल लाइंस जनपद इटावा में पंजी.त किया गया। जांच में ज्ञात हुआ कि अभियुक्त ने अपनी मां मिथलेश, भाई अखिलेश कुमार व अन्य साथियों के साथ मिलकर गिरोह बना रखा था, फर्जी बैंक अधिकारी बनकर कूटरचित दस्तावेज, फर्जी नोटरी हलफनामा तथा बैंक की फर्जी मोहरों के माध्यम से लोगों को विश्वास में लेकर ठगी की जाती थी, गिरोह द्वारा पंकज कुमार से 3,50,000 रुपये, अभिषेक सोनी से 5,85,000 रुपये, .ष्णवीर पाल से 3,65,000 रुपये, राजेश से 1,20,000 रुपये, शीलता देवी से 97,590 रुपये की ठगी की गई, जनपद इटावा में दो दर्जन से अधिक शिकायतों पर अभियोग पंजी.त हैं, जनपद फिरोजाबाद में भी सामूहिक शिकायत दर्ज कराई गई है। दिनांक 28.02.2026 को प्राप्त आपराधिक सूचना के आधार पर अभियुक्त को सुदिती ग्लोबल स्कूल के पास से गिरतार किया गया, पूछताछ में उसने बताया कि वह फर्जी आईडी दिखाकर बैंक फीस व अधिकारियों को घूस देने के नाम पर किस्तों में रुपये वसूलता था, थाना इकदिल में पंजी.त मु0अ0सं0 32ध्2026 में सत्यम पाण्डेय से 4,38,000 रुपये की ठगी स्वीकार की, ठगी की रकम से एक जोड़ी चांदी की पायल खरीदी तथा शेष रकम शादी के एडवांस में दी। अभियुक्त के विरुद्ध जनपद इटावा व फिरोजाबाद में वर्ष 2024 से 2026 तक विभिन्न मुकदमे पंजी.त हैं, पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक के0के0 मिश्रा, उपनिरीक्षक संजीव सिंह, उपनिरीक्षक निर्मल सिंह, उपनिरीक्षक संजय सिंह, कांस्टेबल अजय कुमार, कांस्टेबल रंजीत शामिल रहे, इटावा पुलिस द्वारा आमजन से अपील की गई है कि किसी भी व्यक्ति के झांसे में आकर धनराशि न दें तथा संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें।

# बिजली विभाग की मॉर्निंग रेड में दो उपभोक्ता पकड़े गए

## -मीटर बाईपास कर की जा रही थी विद्युत चोरी, 7 किलोवाट लोड पर कार्रवाई



न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। विद्युत वितरण मंडल इटावा द्वारा विद्युत चोरी के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत 27 फरवरी 2026 को उपखंड अधिकारी प्रथम नवनीत कुमार एवं अवर अभियंता विनोद कुमार ने विजिलेंस टीम के साथ संयुक्त रूप से 33ध्11 केवी उपकेंद्र मैनपुरी फाटक से पोषित क्षेत्र मोहल्ला शिव नगर अड्डा जालिम में मॉर्निंग रेड की। छापेमारी के दौरान दो उपभोक्ताओं द्वारा अपने परिसरों में मीटर बाईपास कर विद्युत चोरी किए जाने का मामला पकड़ा गया। मौके पर वीडियोग्राफी कर साक्ष्य संकलित किए गए तथा नियमानुसार कार्रवाई की गई। कार्रवाई के अंतर्गत अन्नू पत्नी बबलू के यहां 3 किलोवाट घरेलू भार तथा विनिता यादव पत्नी इन्द्रपाल के यहां 4 किलोवाट घरेलू भार पर केबिल बाईपास कर बिजली उपयोग करते पाए जाने पर भारतीय विद्युत अधिनियम 2005 की धारा 135 के तहत कार्रवाई की गई। कुल 7 किलोवाट भार पर विद्युत चोरी दर्ज की गई है। विभाग की ओर से सभी उपभोक्ताओं से अपील की गई है कि वे विद्युत चोरी न करें तथा वैध कनेक्शन लेकर ही बिजली का उपयोग करें। मीटर से छेड़छाड़, मीटर से पहले अतिरिक्त केबल जोड़कर बिजली उपयोग करना दंडनीय अपराध की श्रेणी में आता है, जिस पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# होली से पहले इटावा में सघन वाहन चेकिंग अभियान कई गाड़ियां सीज

## -समाचार लिखे जाने तक 6.7 दर्जन चालान , डेढ़ लाख से अधिक जुर्माना

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। आगामी होली पर्व को शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से जनपद इटावा में सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशानुसार तथा अपर पुलिस अधीक्षक अभयनाथ त्रिपाठी के मार्गदर्शन में क्षेत्राधिकारी यातायात रामगोपाल शर्मा के नेतृत्व में जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों में व्यापक स्तर पर दोपहिया एवं चारपहिया वाहनों की जांच की गई। अभियान के अंतर्गत यातायात प्रभारी सूबेदार सिंह ने कांस्टेबल दुर्गेश कुमार, कांस्टेबल मनोज कुमार एवं कांस्टेबल अमित कुमार के साथ प्रमुख चौराहों और संवेदनशील स्थानों पर वाहनों की सघन जांच की। इस दौरान हेलमेट, सीट बेल्ट, ओवरलोडिंग, शराब पीकर वाहन चलाना, वाहन के कागजात, नंबर प्लेट और संदिग्ध गतिविधियों की विशेष रूप से जांच की गई। समाचार लिखे जाने तक चेकिंग अभियान के दौरान लगभग 6 से 7 दर्जन वाहनों के चालान किए गए तथा डेढ़ लाख रुपये से अधिक का जुर्माना वसूला गया। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि होली जैसे प्रमुख त्योहार पर किसी भी प्रकार की लापरवाही, तेज रतार, स्टंटबाजी या कानून व्यवस्था भंग करने का प्रयास बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यातायात पुलिस ने वाहन



चालकों से अपील की है कि त्योहार के दौरान यातायात नियमों का पालन करें, नशे की हालत में वाहन न चलाएं तथा अपनी और दूसरों की सुरक्षा का ध्यान रखें। इटावा पुलिस द्वारा होली पर्व को सकुशल संपन्न कराने के लिए लगातार निगरानी और चेकिंग अभियान जारी रहेगा।

# थाना इकदिल में मिशन शक्ति फेज 5.0 के तहत जागरूकता अभियान

## -बालिकाओं व महिलाओं को दी सुरक्षा, स्वास्थ्य व योजनाओं की जानकारी

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। जनपद इटावा में मिशन शक्ति फेज 5.0 के अंतर्गत 28 फरवरी 2026 को थाना



इकदिल की मिशन शक्ति टीम द्वारा थाना इकदिल क्षेत्र में जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान बालिकाओं और महिलाओं को सुरक्षा एवं स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई तथा उन्हें आत्मरक्षा, सतर्कता और कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया। अभियान के दौरान पुलिस टीम ने महिलाओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देते हुए बताया कि किसी भी आपात स्थिति में तुरंत सहायता प्राप्त की जा सकती है। पुलिस आपातकालीन सेवा 112, स्वास्थ्य सेवा 102 व 108, वीमेन पावर लाइन 1090, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, वीमेन हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, साइबर अपराध हेल्पलाइन 1930, एलपीजी गैस रिसाव हेल्पलाइन 1906 तथा उपभोक्ता अधिकार हेल्पलाइन 1915 के बारे में विस्तार से बताया गया। इसके अतिरिक्त महिलाओं एवं बालिकाओं को विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी भी दी गई, जिनमें विधवा पेंशन योजना, वृद्धावस्था पेंशन योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, नशा मुक्ति भारत अभियान, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, प्रधानमंत्री छात्रवृत्ति योजना, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन तथा लनीउंद ठींतंज स्वास्थ्य बीमा योजना प्रमुख रहीं। टीम द्वारा संदेश दिया गया कि स्वस्थ और सतर्क रहना ही असली सुरक्षा है। महिलाओं से अपील की गई कि वे इन योजनाओं का लाभ उठाकर अपने और परिवार के जीवन को बेहतर बनाएं तथा हेल्पलाइन नंबरों और योजनाओं की जानकारी अपने परिवार व परिचितों के साथ साझा करें। छात्र–छात्राओं को पढ़ाई को प्राथमिकता देने और सरकारी योजनाओं का लाभ लेकर अपना भविष्य उज्ज्वल बनाने के लिए प्रेरित किया गया। इटावा पुलिस द्वारा महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और सशक्तिकरण के लिए निरंतर ऐसे जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं।

# महिला थाना परिसर में मिशन शक्ति केन्द्र का उद्घाटन

## –महिलाओं को त्वरित सहायता व काउंसलिंग सुविधा मिलेगी

न्यूज वाणी ब्यूरो/ इटावा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा महिला थाना परिसर में स्थापित 'मिशन शक्ति केन्द्र' का विधिवत फीता काटकर उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर अधिकारियों एवं पुलिस कर्मियों की उपस्थिति में केंद्र को महिलाओं की सुरक्षा और सहायता के लिए समर्पित किया गया। उद्घाटन के दौरान बताया गया कि मिशन शक्ति केन्द्र के माध्यम से महिला उत्पीड़न, घरेलू हिंसा, दहेज प्रताड़ना, साइबर अपराध, छेड़छाड़ सहित अन्य महिला संबंधित अपराधों के मामलों में त्वरित सुनवाई एवं आवश्यक विधिक सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। पीड़ित महिलाओं को काउंसलिंग, परामर्श तथा आवश्यकता पड़ने पर संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित कर समुचित सहायता प्रदान की जाएगी। निर्देश दिए गए कि महिला संबंधी शिकायतों का निस्तारण पूर्ण संवेदनशीलता, सहानुभूति और प्राथमिकता के आधार पर किया जाए। किसी भी प्रकार की लापरवाही पर कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। यह भी कहा गया कि महिलाओं की सुरक्षा केवल पुलिस की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि समाज की भी सामूहिक जिम्मेदारी है। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक नगर अभयनाथ त्रिपाठी, क्षेत्राधिकारी नगर अभयनारायण राय, प्रभारी निरीक्षक महिला थाना तथा महिला पुलिस अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित



रहे। इटावा पुलिस महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण के प्रति सतत प्रतिबद्ध है और भविष्य में भी इस दिशा में प्रभावी कार्यवाही करती रहेगी।

# ब्रज की रंगत में रंगा शहर,रथ यात्रा में दिखी लट्ठमार होली की छटा

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। श्री जी लाडले परिवार के तत्वाधान में होली के उपलक्ष्य में श्री राधा श्याम सुंदर की भव्य रथ यात्रा हर्षोल्लास के साथ निकाली गयी। यात्रा में संकीर्तन के साथ होली का उत्साह भी देखने को मिला। आपको बताते चलें ब्रज के कलाकारों द्वारा



इटावा शहर की सड़कों पर यात्रा के लठ्ठमार होली की छटा भी देखने को मिली तथा इत्र और अबीर–गुलाल की खुशबू भी वातावरण में घुली। यात्रा का शुभारंभ सुबह साढ़े दस बजे रामलीला मैदान से नगर पालिका अध्यक्ष ज्योति गुप्ता ने ठाकुर जी की आरती उतारकर किया। यात्रा गाड़ीपुरा चौराहा, बल्देव चौराहा, नगर पालिका चौराहा, राजागंज चौराहा, पचराहा होते हुए रू छैराहा स्थित श्री राधावल्लभ मंदिर पर पहुंचकर संपन्न हुई। यहां पर ठाकुर जी की आरती उतारी गई और अबीर गुलाल की छटाओं के बीच संकीर्तन किया गया यात्रा में फूलों से सजे रथ पर श्री राधा श्याम सुंदर विराजमान रहे और उन पर तोप के द्वारा फूलों की वर्षा भी की गई। रथ यात्रा में ब्रज की लठ्ठमार होली लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र रही। नगर वासियों ने यात्रा का पुष्प वर्षा व आरती पूजन कर स्वागत किया कार्यक्रम में व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष आलोक दीक्षित, सभासद अभिषेक त्रिपाठी,अक्षय भदौरिया, बंटी चौरसिया, प्रदीप, सुमित यादव, अंकित, रोहित, प्रथम शर्मा, प्रदीप यादव, गिरिराज, सनी यादव, रवि परमार सहित सैकड़ों की संख्या में पुरुष और महिलाएं शामिल रहीं।

# टावा समाज कल्याण समिति ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस धूमधाम से मनाया



न्यूज वाणी ब्यूरो /इटावा। इटावा समाज कल्याण समिति के प्रांगण में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस धूमधाम से मनाया गया। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य पर प्रार्थना नृत्य, समूह गीत,लघु नाटिका आदि जैसे अनेक सांस्.तिक कार्यक्रम हुए। साथ ही समूह नृत्य प्रतियोगिता व समूह गीत प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया।समारोह का शुभारंभ कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि श्रीमती आयुषी सिंह,सीओ जसवंत नगर, विशिष्ट अतिथि नामिता तिवारी व आशा निकेतन निदेशक फादर रोशन के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों ने महिलाओं द्वारा प्रस्तुत सांस्.तिक कार्यक्रमों की सराहना की, इसी के साथ कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथियों ने महिलाओं का अपने आशीर्वचनों द्वारा मार्गदर्शन किया व उनके उचित शिक्षण व प्रशिक्षण एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम के अंत में आशा निकेतन के निदेशक द्वारा मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि का प्रतीक चिन्ह देकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम की सफलता में इटावा समाज कल्याण समिति परिवार का विशेष सहयोग रहा।


## होली विशेष रेलगाड़ियों का संचालन

भारतीय रेल द्वारा अपने सम्मानित रेल यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए होली विशेष रेलगाड़ियों के संचालन का निर्णय लिया गया है, जिसका विवरण निम्नवत् है:-

**गाड़ी सं. 07097/07098 चर्लपल्ली-दानापुर होली विशेष रेलगाड़ी**

| 07097 चर्लपल्ली-दानापुर | | | 07098 दानापुर-चर्लपल्ली | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 20:30(शनि) | चर्लपल्ली | 23:45(मंगल) | -- |
| 22:00 | 22:02 | मानिकपुर | 20:48 | 20:50 |
| 00:30 | 00:35(सोम) | प्रयागराज छिवकी | 17:50 | 17:55 |
| 09:30(सोम) | -- | दानापुर | -- | 11:30(सोम) |

**चर्लपल्ली से-** गाड़ी सं. **07097** (शनिवार) दिनांक- **28.02.2026** तथा **दानापुर से-** गाड़ी सं. **07098** (सोमवार) दिनांक- **02.03.2026** **संरचना:** सामान्य श्रेणी-04, स्लीपर श्रेणी-09, वाता. तृतीय श्रेणी-05, द्वितीय सह तृतीय श्रेणी-03, वाता. द्वितीय श्रेणी-01

**गाड़ी सं. 06021/06022 पोत्तनूर-बरौनी एक्सप्रेस विशेष रेलगाड़ी**

| 06021 पोत्तनूर-बरौनी | | | 06022 बरौनी-पोत्तनूर | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 04:30(सोम) | पोत्तनूर | 23:30(शनि) | -- |
| 23:30 | 23:32 | मानिकपुर | 04:23 | 04:25 |
| 01:05(बुध) | 01:10 | प्रयागराज छिवकी | 00:40 | 00:45(शुक्र) |
| 03:00 | 03:02 | चुनार | 22:00 | 22:02 |
| (बुध)14:00 | -- | बरौनी | -- | 13:15(गुरू) |

**पोत्तनूर से-** गाड़ी सं. **06021** (सोमवार) दिनांक- **02.03.2026** से **09.03.2026** तथा **बरौनी से-** गाड़ी सं. **06022** (गुरूवार) दिनांक- **05.03.2026** से **12.03.2026** **संरचना:** स्लीपर श्रेणी-18, सामान्य श्रेणी-02

**गाड़ी सं. 01479/01480 पुणे-दानापुर (साप्ताहिक) विशेष रेलगाड़ी**

| 01479 पुणे-दानापुर | | | 01480 दानापुर-पुणे | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 19:55 | पुणे | 18:15 | -- |
| 21:30 | 21:32 | मानिकपुर | 19:30 | 19:32 |
| 00:30 | 00:35 | प्रयागराज छिवकी | 16:25 | 16:30 |
| 08:00 | -- | दानापुर | -- | 10:00 |

**पुणे से-** गाड़ी सं. **01479** दिनांक- **01.03.2026, 05.03.2026** एवं **09.03.2026** तथा **दानापुर से-** गाड़ी सं. **01480** दिनांक- **03.03.2026, 07.03.2026** एवं **11.03.2026** **संरचना:** स्लीपर श्रेणी-11, एसी प्रथम श्रेणी-01, वाता. द्वितीय श्रेणी-01, वाता. तृतीय श्रेणी-01, सामान्य श्रेणी-05

**नोट : ट्रेनों की समय-सारणी के सम्बंधित जानकारी हेतु हेल्पलाइन 139 या Rail madad Mobile App या वेबसाइट railmadad.indianrailways.gov.in का प्रयोग करें।**

उत्तर मध्य रेलवे

@CPRONCR | North central railways | www.ncr.indianrailways.gov.in | 481/26 FA

# सपा जिलाध्यक्ष ने केक शांप का किया उदघाटन

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। शहर के कलक्टरगंज में शनिवार को यादव बेकरी एंड केक शॉप का भव्य उद्घाटन समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह यादव के द्वारा फीता काटकर किया गया। प्रतिष्ठान के



संचालक शैलेश कुमार यादव ने बताया कि पुरानी बेकरी जगत नर्सिंग होम के बगल में थी। जो अब कलक्टरगंज राज फैशन के बगल में नई बेकरी शॉप खोली गई। क्षेत्र में लंबे समय से एक ऐसी बेकरी की आवश्यकता महसूस की जा रही थी, जहाँ ताज़ा, स्वच्छ और उच्च गुणवत्ता वाले बेकरी उत्पाद एक ही स्थान पर उपलब्ध हों। इसी विचार को ध्यान में रखते हुए यादव बेकरी एंड केक शॉप की शुरुआत की गई है। उन्होंने बताया कि दुकान में जन्मदिन, विवाह, वर्षगाँठ और अन्य विशेष अवसरों के लिए विभिन्न डिज़ाइन के केक उपलब्ध रहेंगे। साथ ही पेस्टी, बिस्किट, ब्रेड, नमकीन तथा अन्य बेकरी आइटम भी उच्च गुणवत्ता के साथ परोसे जाएगे। दुकान को आधुनिक मशीनरी से सुसज्जित किया गया है, ताकि ग्राहकों को उत्पादों की ताज़गी और स्वाद का बेहतरीन अनुभव मिल सके। इस मौके पर बृजलाल यादव, शैलेश सिंह यादव, नीरज यादव, जगदीश सिंह, डॉ. नीलू, मान सिंह, सानू, अमित श्रीवास्तव अन्य गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# नाली विवाद की एसपी से शिकायत

न्यूज वाणी ब्यूरो



फतेहपुर। सुल्तानपुर घोष थानाक्षेत्र के भीखमपुर (ऐराया गसायक) ग्राम निबासी रामा देवी पत्नी शिवबहादर मौर्य ने पुलिस अधीक्षक को दिये शिकायती पत्र में बताया कि बीरेन्द्र पुत्र धनई प्रार्थिनी के दरवाजे के सामने जबरन नाली खोदकर प्रार्थिनी के नापदान का पाइप काट दिया जिसपर उसके पुत्र राजन ने बीरेन्द्र के दरवाजे जाकर पाइप काटने का कारण जानना चाहा। जिसपर बीरेन्द्र पुत्र धनई व करन व अर्जुन पुत्रगण बीरेन्द्र व सीमा पत्नी बीरेन्द्र आकर प्रार्थिनी के पुत्र को भद्दी–भद्दी गालियां देने लगे विरोध करने पर उसे भी प्रार्थिनी को गाली देते हुए चप्पल व लात घूसों से मारने पीटने लगे व बाल पकड़कर जमींन में गिरा दिया। व उसके साथ अश्लील हरकत किया। शिकायत करने थाने जाने पर उसकी शिकायत नही सुनी गई। उन्होंने पुलिस अधीक्षक से कार्रवाई की मांग किया।

# फरवरी के अंतिम दिन के साथ गर्मी ने दी दस्तक

## – होली के रंगों के बीच गर्मी की आमद

न्यूज वाणी ब्यूरो

फ़तेहपुर। फरवरी माह के अंतिम दिन के साथ गर्मी के मौसम ने दस्तक दे दी। मौसम में बदलाव शुरू गर्मी ने एक बार फिर से लोगो को ग्रीष्मकाल के रौद्र रूप की याद ताजा कर दिया। शनिवार को भी दिन में तेज धूप ने गर्मी का एहसास कराया जबकि देर रात को अब भी मौसम ठंडा रहने से लोगो को हल्के कम्बल का सहारा लेना पड़ रहा है। दिन में मौसम गर्म रहने व रात में ठंड पड़ने से लोगों में सर्दी जुखाम, बुखार जैसे मौसमी बीमारियां भी फैल रही है। मार्च माह की शुरुआत में सूरज की तपिश बढ़ने व मौसम के और भी ही गर्म होने के अंदेशे है। जबकि आगे के महीनो में मौसम के और बिगड़ने व जून माह तक तापमान 40 डिग्री तक होने का अंदेशा है। त्योहारी मौसम होली व रमज़ान का पर्व होने के चलते अभी बाज़ारो में खूब रौनक दिखाई दे रही है। लोग बाज़ारो में अपनी ज़रुदत की चीज़ों की खरीदारी करते हुए देखे जा रहे है। हालांकि लोगों की खरीदारी में मौसम का कोई असर नही दिखाई दे रहा। जानकारों की माने तो अभी से गर्मी के ऐसे तेवर है मई व जून माह तक गर्मी अपनी पूरे उफान पर होगी।

**इनसेट**

### बाज़ारो में एसी कूलर की शुरू हुई बिक्री

फरवरी माह से ही गर्मी की आहत के साथ ही बाज़ारो में एसी व कूलर की बिक्री शुरू हो गयी है। इलेक्ट्रॉनिक दुकानों में एसी, कूलर, फ्रिज समेत अन्य उपकरणों की बिक्री में तेज़ी आ गयी है। गर्मी से बचने के लिए लोग अभी से एसी व कूलर की खरीदारी कर उसे लगाने व सेट करने में जुट गये है।

### छतरी व गमछा बनेंगे साथी

धूप तेज़ होने व लू के थपेड़ो के बढ़ने पर घरों से बाहर निकलने वालों को गमछा व छतरी राहत पहुचाने वाले मददगार साबित होंगे। पुरुष जहां गमछे का वही महिलाएँ खुद को लू धूप से बचाने के लिए स्टाल का प्रयोग करती है।

### गन्ने का जूस व शिकंजी की शुरू हुई बिक्री

गर्मी के मौसम की आमद के साथ व धूप में शुरू हुई तेज़ी के बीच बाज़ारो मे राहगीरों की प्यास बुझाने का जरिया शिकंजी, फलों, गन्ने के जूस, समेत अन्य पेय पदार्थ की बिक्री भी शुरू हो गयी है। लोग अपना गला तर कर खुद को राहत देने की कोशिश करते हुए देखे जा रहे है।

# डम्फर की टक्कर से बाइक सवार किशोरी की मौत, एक घायल

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। हुसेनगंज थाना क्षेत्र के भखुहा चौराहा के समीप शनिवार की सुबह तेज रतार डम्फर ने बाइक में टक्कर मार दिया। जिससे 17 वर्षीय किशोरी की मौके पर ही मौत हो गयी। वहीं उसका चाचा घायल हो गया। जानकारी के अनुसार कल्यानपुर थाना क्षेत्र के गोविन्दपुर गांव निवासी महावीर उर्फ कल्लू निषाद की पुत्री लक्ष्मी निषाद अपने चाचा रामखेलावन निषाद पुत्र छेदू के साथ बाइक से हुसैनगंज थाने के गोपालपुर रिश्तेदारी में जा रहे थे। जैसे ही यह लोग भखुहा चौराहा के पास पहुंचे तभी पीछे से तेज रतार आ रहे डम्फर ने बाइक में टक्कर मार दिया। जिससे बाइक में बैठी किशोरी उछल कर डम्फर के पहिये के नीचे आ गयी और मौके पर ही उसकी मौत हो गयी। वहीं उसका चाचा घायल हो गया। सूचना पर मौके में पहुंची सरकारी एम्बुलेंस ने घायल को उपचार के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया वहीं शव को अपने कब्जे में लेकर पुलिस ने पोस्ट मार्टम हाउस भेज दिया।

# जनपद में होली के दौरान एंबुलेंस सेवा हाई अलर्ट पर

## किसी भी आपात स्थिति में सहायता के लिए डायल करें 108

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। होली के दौरान 108 व 102 एंबुलेंस सेवाएं 24 घंटे हाई अलर्ट पर रहेंगी। सरकार की ओर से निर्देश मिलने के बाद सभी एंबुलेंसों को अलर्ट पर रहने के लिए विस्तृत दिशा निर्देश जारी कर किए गए हैं। आवश्यकता पड़ने पर 108 नम्बर डायल करें, एंबुलेंस कुछ ही देर में मदद के लिए पहुंच जाएगी। 108 एवं 102 एंबुलेंस सेवा प्रदाता संस्था ईएमआरआई ग्रीन हेल्थ सर्विसेज के प्रोग्राम मैनेजर आशीष द्विवेदी ने बताया कि होली को लेकर विशेष दिशा निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया है कि किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए 24 घंटे निर्बाध एंबुलेंस सेवाएं सुनिश्चित करना हमारी प्राथमिकता है। त्योहार के दौरान 108 एंबुलेंस



रूप से चिन्हित किए गए विशेष स्थानों, दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्रों, व थानों के नजदीक मौजूद रहेगी। जिससे आपात स्थिति में मरीजों को एंबुलेंस से न्यूनतम समय में अस्पताल पहुंचाया जा सके। उन्होंने बताया कि हर जरूरतमंद व्यक्ति को कम से कम समय में एम्बुलेंस सुविधा उपलब्ध कराकर उसकी जान बचाना हमारी प्राथमिकता है। इसके साथ ही सभी एंबुलेंस से में स्टाफ एवं ऑक्सीजन, दवा व अन्य उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया गया है। सड़क या अन्य कोई दुर्घटना होने, जलने, हार्ट, सांस, लिवर, किडनी, पेट दर्द, स्किन से सम्बंधित या अन्य कोई भी समस्या होने पर 108 नंबर पर सूचना देकर एंबुलेंस सेवा ली जा सकती है। 108 एंबुलेंस जल्द ही पहुंचकर हॉस्पिटल ले जाएगी। सभी एंबुलेंस में जीवन रक्षक दवाओं के साथ इमरजेंसी सुविधाएं व प्रशिक्षित स्टाफ उपलब्ध रहता है। उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से यह सेवा सभी के लिए फ्री है। त्योहार के दौरान गर्भवती महिलाओं व 2 साल तक बच्चों को सेवाएं देने के लिए 102 एंबुलेंस सेवा 24 घंटे उपलब्ध रहेगी। जनपद में 108 सेवा की 33 एंबुलेंस और 102 सेवा की कुल 35 एंबुलेंस 24 घंटे संचालित हैं। आवश्यकता पड़ने एम्बुलेंस 102 या 108 पर कॉल करके निःशुल्क एम्बुलेंस सेवा प्राप्त की जा सकती है।

# सैनिक पालीक्लिनिक भूमि को लेकर पालिका ईओ से मिले समिति के लोग

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। पूर्व सैनिकों उत्थान एवं लोक कल्याण समिति के अध्यक्ष विद्याभूषण तिवारी, महिला अध्यक्ष जागृति तिवारी के साथ नगर पालिका की राजस्व टीम जिसमें गंगाराम, राजस्व निरीक्षक जितेंद्र सिंह नगर पालिका के जमीन के निरीक्षक जाकर पॉलीक्लिनिक भवन की भूमि तथा जहां पर पॉलीक्लिनिक भवन बन रहा है वहां का निरीक्षण किया इसके पश्चात संपूर्ण दस्तावेजों के साथ अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद के साथ विचार विमर्श हुआ। अध्यक्ष विद्याभूषण तिवारी ने बताया की नगर पालिका की टीम ने स्पष्ट बताया कि अभी तक जहां पर पॉलीक्लिनिक भवन बन रहा है वह गाटा संख्या 620/2 में है और उसका आवंटन पाली क्लीनिक भवन के नाम पर नहीं किया गया है। जहां पर पॉलीक्लिनिक भवन दिया गया है वह गाटा संख्या 602/1 पर है। इस संदर्भ में न्यायालय कलेक्टर में नगर पालिका परिषद द्वारा एक मुकदमा संख्या 1101 सन् 2022 दिनांक 7 अप्रैल 2022 को सैनिक अस्पताल ईसीएचएस पॉलीक्लिनिक को धारा 30 (2) उत्तर प्रदेश राज्य सरकार के अंतर्गत दायर किया गया है जो सैनिक अस्पताल के अधिकारी के विरुद्ध दायर है तथा बार–बार बुलाने के पश्चात भी पॉलीक्लिनिक भवन के अधिकारी अपना पक्ष रखने को प्रस्तुत नहीं हो रहे हैं और सभी दस्तावेजों को दरकिनार तथा छिपकर इस भवन का गैर कानूनी तरीके से निर्माण कराया जा रहा है जिसमें किसी भी प्रकार की नगर पालिका से स्वी.त नहीं ली गई है। नगर पालिका टीम ने आश्चर्य किया कि बिना भूमि आवंटन के किस आधार पर इस भवन में हुई धांधली की शिकायत करेंगे तथा दोषी व्यक्तियों के खिलाफ घोर एवं कठिनतम कार्रवाई करते हुए दंड दिलाएंगे



पॉलीक्लिनिक भवन बनवाया जा रहा है। अध्यक्ष तिवारी ने स्पष्ट किया कि वह सभी दस्तावेजों की प्रतिलिपि निकालकर इस मुकदमे में पूर्व सैनिकों के लिए पक्षधर बनेंगे तथा उच्च न्यायालय से क्योंकि यह सेना के साथ सेना के पैसे के साथ तथा पूर्व सैनिकों के साथ किया हुआ जगण्यतम अपराध है। इस अवसर पर उपाध्यक्ष राजेश शुक्ला, हीरालाल यादव, सुनीता यादव उपस्थिति रही।

# ट्रेनें फुल होने से घर वापसी में अड़चन

## -होली के त्योहार पर लंबी वेटिंग से परेशानी

## -पर्व में अपने घर पहुंचने के लिए लोग कर रहे मशक्कत

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। होली के त्योहार पर



प्रवासियों को घर वापसी करने में परेशानियां उठानी पड़ रही हैं। दरअसल होली के त्योहार पर बड़ी संख्या में घर वापसी करने वालों को ट्रेनों में कन्फर्म टिकट नहीं मिल पा रहे हैं। जिससे उनको जनरल में यात्रा करने को मजबूर होना पड़ रहा है। त्योहार के मद्देनजर ट्रेनों में खासी भीड़ हो चुकी है। होली के त्योहार को अपनों के साथ मनाने का सपना संजोए परदेशी बाबुओं की घर वापसी हो रही है। लेकिन घर वापसी करना उनके लिए किसी अग्नि परीक्षा से कम साबित नहीं हो रहा। कारण है दिल्ली, मुम्बई, सूरत, अहमदाबाद, पंजाब आदि से आने वाली ट्रेनों की सीटों का फुल हो जाना। ऐसे में परदेशी बाबुओं को जनरल कोच में ही यात्रा करने को मजबूर होना पड़ रहा है। आलम यह है कि उक्त स्थानों से आने वाली ट्रेनों से 150 से लेकर दो सौ तक की वेटिंग टिकट मिल रही है। इसके बावजूद प्रवासियों द्वारा या तो वेटिंग टिकट लेकर खड़े होकर आने की मजबूरी है या फिर जनरल टिकट लेकर धक्के खाते हुए वापसी की मजबूरी।

**इनसेट**

### स्लीपर में वेटिंग टिकट की अनुमति नहीं

स्लीपर क्लास में वेटिंग टिकट की अनुमति न होने के कारण अधिकतर लोग इसे लेने में दिलचस्पी नहीं दिखा रहे हैं। जिससे उन्हे या तो सड़क मार्ग से आना पड़ रहा है या फिर जनरल टिकट लेकर ही सफर करना पड़ रहा है। सीआरएस एसके शर्मा ने बताया कि महानगरों से आने वाली ट्रेनों में लंबी वेटिंग चल रही है। जबकि वापसी के लिए 15 मार्च के बाद की ही कन्फर्म टिकट मिल पा रही हैं।

# अमेरिका की ट्रेड डील किसानों को अस्वीकार-रामदत्त

## -दिल्ली धरने में जनपद से हज़ारों किसान होंगे शामिल

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। भारतीय किसान यूनियन महात्मा टिकैत गुट की बैठक सम्पन्न हुई जिसमें किसानों की समस्याओं पर चर्चा करने के साथ ही अमेरिका के साथ हुए ट्रेड डील को किसान विरोधी बताते हुए आक्रोश ज़ाहिर किया गया। साथ ही दिल्ली में होने वाले किसानों के धरने में जनपद के किसानों के शामिल होने पर चर्चा की गई। शनिवार को शहर स्थित नहर कालोनी प्रांगण में भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट की बैठक जिलाध्यक्ष मधुसूदन तिवारी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश महासचिव रामदत्त मिश्रा रहे। बैठक के दौरान किसानों की समस्याओं पर चर्चा करने के साथ भारत अमेरिका के मध्य हुई ट्रेड डील पर स गठन के नेताओ ने आक्रोश व्यक्त करते हुए डील को किसान विरोधी बताया। साथ ही डील के विरोध में दिल्ली के रामलीला मैदान में 19 मार्च से होने वाले किसानों के धरने में जिले के हज़ारों किसानों के शामिल होने की बात कही गयी। धरने को सफलबनाने के लिए संगठन के कार्यकर्ताओं एव पदाधिकारियों को किसानों को संगठित करने के लिए लगाया गया। बैठक के दौरान आलू किसानों की समस्याओं पर



आक्रोश ज़ाहिर करते हुए आलू को न्यूनतम लागत मूल्य पर बेचने के लिये मजबूर होना पड़ रहा है। जिससे किसानों की आर्थिक स्थिति दिन ब दिन खराब हो रही है। किसान कर्ज में डूब रहा है। बैठक के दौरान दिगवत किसान बड़कू पांडेय के आकस्मिक निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस मौके पर बबलू सिंह, अमित यादव, मन्नी लाल, राजू सिंह, विजय सिंह, रामु शुक्ला, श्याम बाबू, मुनीर हुसैन, जितेंद्र त्रिपाठी, मीणा सिंह, फौजिया खान, लक्ष्मी सिंह, राजेश कुमार प्रजापति, गुडडू, राकेश शुक्ला, राजोला, महमूद हुसैन आदि रहे।

# सरस्वती शिशु मंदिर में विदाई समारोह एवं होली उत्सव की धूम

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। नगर के चौक स्थित सरस्वती



शिशु विद्या मंदिर अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में षनिवार को उल्लास का वातावरण देखने को मिला। विद्यालय परिसर में जहाँ एक ओर कक्षा आठ के छात्र–छात्राओं के लिए भावपूर्ण विदाई समारोह का आयोजन किया गया, वहीं दूसरी ओर प्राथमिक वर्ग के नन्हे–मुन्ने छात्रों द्वारा होली उत्सव अत्यंत धूमधाम से मनाया गया। मुख्य रूप से उपस्थित विद्यालय के अध्यक्ष भा० उज्जैन सिंह ने छात्रों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने अपने संबोधन में संस्कारों के महत्व पर बल देते हुए कहा कि, विद्यार्थी समाज में अपनी पहचान अपनी शिक्षा के साथ–साथ अपने उच्च संस्कारों के माध्यम से बनाए रखें। आप जहाँ भी जाएँ, अपने आचरण से विद्यालय का नाम रोशन करें। विद्यालय की प्रधानाचार्या वर्षा शुक्ला ने विदा हो रहे छात्र–छात्राओं को जीवन की आगामी चुनौतियों के लिए तैयार रहने की प्रेरणा दी। उन्होंने छात्रों को निरंतर आगे बढ़ने और सफलता की ऊँचाइयों को छूने के व्यावहारिक तरीके बताए। उन्होंने कहा कि अनुशासन और कठिन परिश्रम ही वह कुंजी है, जिससे बड़े से बड़े लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। होली उत्सव के दौरान प्राथमिक वर्ग के बच्चों ने एक–दूसरे को गुलाल लगाकर पर्व की बधाई दी और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से समां बांध दिया। विदाई समारोह के दौरान कक्षा आठ के छात्र भावुक नजर आए और उन्होंने विद्यालय में बिताए अपने अनुभवों को साझा किया। इस अवसर पर विद्यालय का समस्त शिशु मंदिर परिवार, आचार्य गण और कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर छात्रों को आशीर्वाद दिया और उनके सुखद भविष्य की मंगलकामना की।

## इफ्तार व सहरी




सुन्नी हजरात–
ग्यारहवें रोजे का इफ्तार 6.09 व बारहवें रोजे की सहरी 5.07 मिनट पर करे।
शिया हजरात– ग्यारहवें रोजे का इफ्तार 6.19 व बारहवें रोजे की सहरी 4.57 मिनट पर करे।

# होलिका दहन की तैयारियां जोरों पर, शहरवासी उत्साह से लबरेज

न्यूज वाणी ब्यूरो



फतेहपुर। होली के त्योहार की पूर्व संध्या पर शहर में होलिका दहन की तैयारियां तेजी से चल रही हैं। विभिन्न मोहल्लों और प्रमुख स्थानों पर स्थानीय कमेटियों ने खूबसूरती से होलिका की संरचना तैयार कर ली है, जिसे देखकर लोग हैरान हैं। शहर में अभी होलिका दहन में तीन दिन बाकी हैं, लेकिन उत्साह का माहौल पहले से ही छाया हुआ है। शहर के होलिका दहन वाले प्रमुख स्थानों पर सफाई–सजावट का विशेष ध्यान दिया जा रहा है। स्थानीय कमेटी के सदस्यों ने मेहनत से होलिका को आकर्षक बनाया है जिसमें फूलों, रंग–बिरंगे सामान और पारंपरिक सज्जा का खूब इस्तेमाल किया गया है। खासतौर पर कोतवाली रोड और आवास विकास तिराहे पर कमेटी ने कई फुट ऊंची भव्य होलिका तैयार की है जो दूर से ही नजर आ रही है। शहर के विभिन्न चौराहों और सार्वजनिक स्थानों पर भी होलिका दहन के लिए खूब सजावट की गई है। लोग सुबह–शाम इन स्थानों पर पहुंचकर तैयारियों का जायजा ले रहे हैं और फोटो खिंचवा रहे हैं। स्थानीय निवासियों ने बताया कि इस बार होलिका इतनी सुंदर सजी है कि देखते ही उत्साह बढ़ जाता है। कमेटी वालों ने कमाल कर दिया है बता दें कि इस वर्ष होलिका दहन तीन मार्च को होना है ।

# जरूरतमंद परिवारों के बच्चों के साथ होली पर्व की खुशियाँ बाँटी

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। भोजन जन सेवा समिति द्वारा होली के पावन अवसर पर बिरसा मुंडा संस्कार शाला में शिक्षा प्राप्त कर रहे जरूरतमंद परिवारों के बच्चों के साथ शनिवार को रंगोत्सव मनाते हुए खुशियाँ बाटी गईं। इस अवसर पर बच्चों को पिचकारी, रंग, मुखौटे,



गुलाल एवं अन्य त्योहार सामग्री वितरित की गई। कार्यक्रम के दौरान समिति के सदस्यों ने बच्चों के साथ स्नेहपूर्वक होली खेली तथा उन्हें स्वच्छ, सुरक्षित एवं पर्यावरण अनुकूल होली मनाने का संदेश दिया। बच्चों के चेहरों पर प्रसन्नता और उत्साह स्पष्ट दिखाई दे रहा था। समिति का उद्देश्य समाज के वंचित एवं जरूरतमंद वर्ग के बच्चों को भी त्योहार की खुशियों में सहभागी बनाना है। समिति के संस्थापक कुमार शेखर ने कहा कि होली प्रेम, सद्भाव और सामाजिक समरसता का प्रतीक पर्व है। हम सभी का कर्तव्य है कि समाज के प्रत्येक बच्चे के जीवन में आनंद और उत्साह के रंग भरें। कार्यक्रम में समिति के नरेश गुप्ता, मनीष केसरवानी, राकेश गुप्ता, अंकिता सिंह, रामेंद्र सिंह, आशीष मिश्रा, सुरेश, करन कुमार, शैलेश साहू, अंकित वर्मा, दिलीप यादव, रामनारायण अचार्य व शिक्षकगण उपस्थित रहे। सभी ने इस सामाजिक पहल की सराहना की।

# शंकराचार्य पर झूठे आरोप लगवाकर आरएसएस ने सनातन धर्म को कलंकित किया-सुधाकर

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जिला कांग्रेस के उपाध्यक्ष सुधाकर अवस्थी ने कहा कि सनातन धर्म के पुनरस्थापित पवित्र शंकराचार्य पीठ के पीठाधीश्वर पर झूठे घृणित आरोप लगवाकर आर एस एस के लोगों ने सनातन हिन्दू धर्म को कलंकित करने के प्रयास किये हैं किन्तु ईश्वर की कृपा से उनके प्रयास निःसंदेह निःशफल होंगे और हिन्दू धर्म के सर्वोच्च धर्माधिकारी शंकराचार्य भगवती सीता मईया की तरह पवित्र निष्कलंक सिद्ध होंगे। हजारों वर्षों में जहाँ हिन्दू धर्म के शंकराचार्यो पर कोई इस तरह का नीच घृणित आरोप लगाने का किसी को साहस नहीं हुआ था पर हिन्दू धर्म के ठेकेदारी करने वाले आर एस एस के अमृत काल में आर एस एस ने शंकराचार्य पर झूठे घृणित आरोप लगवाकर सनातन धर्म को विश्व में कलंकित करने का नीच काम किया है। हिन्दूत्व व हिन्दू धर्म की राजनीति करने वाले मोदी जी विदेशों में जाकर यह कहने की हिम्मत नहीं जुटा पाते कि वे कहें कि मैं राम के देश से आया हूं।

# पेट दर्द से महिला की हुयी मौत

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। गाजीपुर थाना क्षेत्र के ग्राम मखदूमपुर में 26 वर्षीय के पेट में अचानक दर्द शुरू हो गया। जिसे लेकर अस्पताल आ रहे तभी रास्ते में उसकी मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार मखदूमपुर गांव निवासी रविकुमार की पत्नी सोनी देवी की शुक्रवार की दोपहर अचानक उसके पेट में दर्द शुरू हो गया। जिस पर परिजन उसे तत्काल उपचार के लिए जिला चिकित्सालय ला रह थे। तभी रास्ते में उसकी मौत हो गयी। उधर परिजनों ने शव को मोर्चरी हाउस में रखा दिया। सूचना पर पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन ग्रह भेज दिया। पुलिस का कहना है कि पोस्ट मार्टम रिर्पोट के बाद ही महिला की मौत का कारण ज्ञात हो सकेगा।

स्वामी,प्रकाशक,मुद्रक, फतेहपुर किंग सेवा संस्थान के लिये नफीस अहमद जाफरी द्वारा जाफरी प्रिन्टर्स 170 महाजरी फतेहपुर उ0प्र0 से मुद्रित एंव प्रकाशित । सम्पादक नफीस अहमद जाफरी मो0 9451548620 R.N.I : UPHIN/ 2011/44792 (समस्त विवादो का न्याय क्षेत्र फतेहपुर )